NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक:-205, पृष्ठ: 12 | शनिवार, 31 जनवरी, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# सुनेत्रा पवार आज बनेंगी डिप्टी सीएम

## मुंबई में शपथग्रहण शाम को, बेटे को राज्यसभा भेजने की चर्चा

**मुंबई।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी। विधायक दल की मीटिंग के लिए सुनेत्रा शनिवार सुबह मुंबई पहुंच गई हैं। फिलहाल वे अजित के आधिकारिक आवास देवगिरी में मौजूद हैं। 62 साल की सुनेत्रा फिलहाल महाराष्ट्र विधानसभा के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं।

दोपहर में एनसीपी के विधायक दल और विधान परिषद सदस्यों की मीटिंग होगी। जहां उन्हें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इससे पहले सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल ने सुनेत्रा से मुलाकात की। आधिकारिक जानकारी



के मुताबिक सुनेत्रा का शपथग्रहण शाम 5 बजे होगा। सुनेत्रा वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। शपथ से पहले उन्हें राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा देना होगा। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में मौत के बाद डिप्टी सीएम पद खाली हो गया था। इसे भरने के लिए एनसीपी और फडणवीस सरकार सारी कवायद कर रही है। सुनेत्रा को पहले राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा देना होगा। जो राज्यसभा के सभापति (उपराष्ट्रपति) को सौंपा जाएगा। सभापति के इस्तीफा स्वीकार करने के बाद ही वे डिप्टी सीएम पद की शपथ ले पाएंगी।

### शरद पवार बोले- अजित विलय चाहते थे, उनकी इच्छा पूरी होनी चाहिए

अजित के निधन के बाद शरद पवार ने पहली बार सुनेत्रा के शपथग्रहण और एनसीपी के दोनों गुटों के विलय पर बयान दिया है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद ने कहा- डिप्टी सीएम पद के लिए सुनेत्रा पवार का नाम दिए जाने की मुझे कोई जानकारी नहीं है। उनकी पार्टी ने फैसला किया होगा। मैंने आज अखबार में देखा। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे जैसे कुछ नाम हैं जिन्होंने कुछ फैसले लेने की पहल की है। शरद ने यह दावा भी किया कि दोनों गुटों को एकजुट करना उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार की इच्छा थी, और वे इसके बारे में आशावादी थे। शरद ने कहा- अब हमें लगता है कि उनकी इच्छा पूरी होनी चाहिए। अजित पवार, शशिकांत शिंदे और जयंत पाटिल ने दोनों गुटों के विलय के बारे में बातचीत शुरू की थी। विलय की तारीख भी तय हो गई थी, यह 12 तारीख (फरवरी) को तय था। दुर्भाग्य से, अजित उससे पहले हमें छोड़कर चले गए।

## सर्दी के तेवरः उत्तराखंड के कालापानी में पारा माइनस 35 डिग्री सेल्सियस

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सुबह राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल के कई जिलों में घना कोहरा छाया रहा।

उत्तर प्रदेश के 4 जिलों, मध्य प्रदेश के 5 जिलों, पंजाब के 4 जिलों, हरियाणा के 3 जिलों और राजस्थान, बिहार के एक-एक जिले में, साथ ही दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 4 से 8 डिग्री के बीच रहा। हालांकि जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में आज भी बर्फबारी हुई। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में भारत, नेपाल, चीन बॉर्डर के पास तापमान माइनस 35℃ रहा है। यहां सर्दी इतनी है कि कुछ देर बाहर रहने पर आंखों में पानी जम जा रहा है।

यहां कालापानी इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवान स्पेशल ग्लास लगाकर चीन बॉर्डर पर गश्त कर रहे हैं। यहां नदी, नाले और झरने जम गए हैं। 23 जनवरी के बाद हुई भारी बर्फबारी से नलों और प्राकृतिक स्रोतों का पानी जम चुका है। जवानों को पीने और खाना बनाने के लिए बर्फ को पिघलाना पड़ रहा है।




### यूपीः कोहरे में 11 गाड़ियां टकराईं

इधर यूपी के लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद समेत 30 जिले घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर तक सिमट गई है। दिल्ली-देहरादून हाईवे पर सुबह 6 बजे नंगली गेट के पास 11 गाड़ियां टकराईं। कोहरे की वजह से 4 पिकअप, 5 कार और 2 ट्रक आपस में टकरा गए।

## डॉक्टर दंपति की सड़क हादसे में मौत

**वैशाली।** बिहार के वैशाली जिला अंतर्गत सराय थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हुआ। घने कोहरे के कारण एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई, जिसमें सवार डॉक्टर दंपति की दर्दनाक मौत हो गई। सराय थानाध्यक्ष मणि भूषण कुमार के अनुसार यह दुर्घटना सुबह करीब 4:15 बजे मुजफ्फरपुर-पटना लेन पर हुई। कोहरे के कारण दृश्यता कम थी, जिससे कार चालक सड़क किनारे खड़े कंटेनर को नहीं देख पाया और पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने डॉक्टर दंपति को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अररिया सदर अस्पताल में कार्यरत डॉ. जितेंद्र प्रसाद (50) और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। वे मूल रूप से पटना के निवासी थे।



## मेरठ में दुष्कर्म पीड़िता की मौत, परिजनों का हंगामा



**मेरठ।** सरधना क्षेत्र के गांव महमदपुर सिखेड़ा में दुष्कर्म पीड़िता की उपचार के दौरान मौत के बाद हालात बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। किशोरी तीन दिनों तक वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझती रही, लेकिन शुक्रवार शाम उसने दम तोड़ दिया। स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने गांव के सभी मुख्य मार्गों को बंद कर दिया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति के गांव में प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर मीडिया को भी गांव में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। देर रात शव गांव पहुंचते ही पुलिस ने गांव में डेरा डाल दिया। दोनों ओर से आवाजाही रोक दी गई है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# बीएचयू बवाल: 100 वीडियो, 50 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**वाराणसी।** जातिगत टिप्पणी पर बीएचयू बवाल के सूत्रधारों की गिरफ्तारी के लिए लंका पुलिस दबिश दे रही है। बीएचयू में प्रवेश और निकास द्वार समेत अन्य प्रमुख चौराहों पर लगे सीसी कैमरे की 50 से अधिक फुटेज खंगाल रही है। घटना के दौरान वायरल 100 से अधिक वीडियो की भी जांच की जा रही है।





सात नामजद आरोपियों में बाबतपुर का रहने वाला दर्शिल पांडेय जिलाबदर भी है। अन्य आरोपियों में रोशन मिश्रा, शशांक सिंह, विशाल, विश्वजीत यादव के भी आपराधिक इतिहास की जानकारी संबंधित थाने की पुलिस की मदद से जुटाई जा रही है। हॉस्टल की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और गेट पर बाहरी नंबर की गाड़ियों की भी जांच की जा रही है। शुक्रवार को भी परिसर में सख्ती रही और सुरक्षाकर्मियों ने संदिग्धों की तलाशी ली। बीएचयू परिसर में बिरला और रूइया हॉस्टल के छात्रों के बीच बृहस्पतिवार की दोपहर मारपीट, पथराव में तीन छात्र घायल हो गए थे। दोपहर से देर शाम तक स्थिति बेकाबू रही। लंका पुलिस की मौजूदगी के बावजूद छात्रों ने जमकर बवाल काटा। इस दौरान बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड एकदम असहज रहा। चीफ प्रॉक्टर प्रो. संदीप पोखरिया समेत अन्य सुरक्षा कर्मी उग्र छात्रों को समझाने में नाकाम रहे। हालात बिगड़ने पर पीएसी और कमिश्नरेट पुलिस की 10 थानों की फोर्स परिसर में घुसी तो छात्र शांत हुए।

**2019 की तरह बवाल देख सहम गए थे सुरक्षाकर्मी**

एलबीएस और बिरला हॉस्टल के बीच मारपीट और पेट्रोल बम फेंकने जैसी घटना साल 2019 के दौरान हुई थी। आक्रोशित छात्रों को समझाने में बीएचयू प्रॉक्टोरियल बोर्ड फेल हुआ था तो लंका पुलिस फोर्स के संग कैंपस में दाखिल हुई थी। तत्कालीन चीफ प्रॉक्टर ओपी राय खुद पुलिस के साथ कैंपस में उपद्रवी छात्रों के बीच गए थे। उस घटना की तरह ही बृहस्पतिवार को बिरला और रूईया के बीच घटना हुई। यह देख कई सुरक्षाकर्मी भी सहम गए। कई गाड़ियों के शीशे क्षतिग्रस्त भी हुए हैं।

## शख्स ने की मां-बाप और बहन की हत्या, घर में ही तीनों का दफना दिया शव

**विजयनगर।** कर्नाटक के विजयनगर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक आदमी ने कथित तौर पर अपने पिता, मां और बहन की हत्या कर दी। इसके बाद उसने तीनों के शवों को शहर में एक किराए के घर के अंदर दफना दिया। बताया जा रहा है कि यह अपराध 27 जनवरी को हुआ। आरोपी की पहचान अक्षय कुमार के रूप में हुई है, जो चित्रदुर्ग जिले के होसादुर्गा तालुक के डोड्डाकिट्टाडाहल्ली गांव का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि अक्षय ने कोट्टूर के एक घर में अपने पिता भीमराज, मां जयलक्ष्मी और बहन अमृता की हत्या कर दी, जहां वे पिछले कुछ सालों से रह रहे थे। यह परिवार टायर रिट्रेडिंग का काम करके गुजारा करता था।




वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अक्षय कथित तौर पर बेंगलुरु आया। यहां तिलक नगर पुलिस स्टेशन में उसने गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। उसने दावा किया कि उसके माता-पिता और बहन का पता नहीं चल रहा है। हालांकि, लगातार पूछताछ के दौरान उसने कथित तौर पर हार मान ली और तिहरे हत्याकांड का जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी अक्षय की बहन एक युवक से प्यार करती थी। अक्षय ने इसका विरोध किया था। हालांकि जब मां-बाप ने भी अक्षय को समझाने की कोशिश की तो तैश में आकर उसने तीनों की हत्या कर दी। इसके बाद उसने घर के परिसर में ही तीनों के शवों को दफना दिया। इस मामले को लेकर विजयनगर की रढ जाह्नवी और कुडलिगी एसएपी मल्लेश मौके पर पहुंचे और शुरूआती जांच की। आरोपी को कुडलिगी लाया जा रहा है ताकि उस सटीक जगह का पता लगाया जा सके जहां शवों को दफनाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## लखनऊ में रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को बदमाशों ने गोली मारी

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ से एक बड़ी खबर सामने आई है। लखनऊ में रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी अवधेश कुमार पाठक को बदमाशों ने गोली मारी है। इस घटना को बदमाशों ने रेस्टोरेंट में घुसकर अंजाम दिया है।

रिटायर्ड एयर फोर्स अधिकारी अवधेश कुमार पाठक, पत्नी के साथ शॉपिंग स्क्वायर में रेस्टोरेंट का संचालन कर रहे थे। रेस्टोरेंट में घुसकर बेखौफ बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगने से गंभीर अवस्था में घायल हुए रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। मामला सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र का है। लखनऊ में दबंगों के हौसले बुलंद हैं। उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं रह गया है। बीते दिनों दबंगों ने एक कारोबारी के दोनों पैरों पर ळल्अफ कार चढ़ा दी थी और कारोबारी को कुचलने की कोशिश की थी। ये मामला विभूति खंड थाना क्षेत्र से सामने आया था।

## सरकारी प्राइमरी स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 45 छात्र बीमार

**कोनिजेरला।** तेलंगाना के कोनिजेरला मंडल के बोडियाथांडा सरकारी प्राइमरी स्कूल के 38 छात्रों को शुक्रवार को फूड प्वाइजनिंग के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से 10 की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना संगारेड्डी जिले के एक सरकारी प्राइमरी स्कूल में मिड-डे मील खाने के बाद 45 छात्रों के बीमार पड़ने के एक दिन बाद हुई है।

छात्रों में उल्टी, दस्त और पेट दर्द जैसे लक्षण दिखे। गांव वालों, माता-पिता और स्कूल स्टाफ ने तुरंत प्रभावित छात्रों को खम्मम सरकारी अस्पताल पहुंचाया। उन सभी का अभी इलाज चल रहा है।

सरकारी प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील वह योजना है, जिसके तहत बच्चों को दोपहर का खाना स्कूल की तरफ से खिलाया जाता है। यह स्कूल की तरफ से बिल्कुल फ्री होता है और ताजा ही बनाया जाता है। ये भोजन नियमानुसार पौष्टिक होता है और इसमें न्यूनतम कैलोरी, प्रोटीन और विटामिन होता है।

इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में भूख कम करना और पोषण स्तर सुधारना है। इसका एक और प्रमुख उद्देश्य स्कूल में नामांकन बढ़ाना, उपस्थिति बेहतर करना और ड्रॉपआउट रोकना है। इससे खासकर गरीब परिवारों के बच्चों के लिए प्रोत्साहन मिलता है, क्योंकि कई बच्चे खाली पेट स्कूल आते हैं। इससे सामाजिक समानता भी बढ़ती है और सभी बच्चे साथ बैठकर खाते हैं। इससे जाति/वर्ग के भेदभाव कम होते हैं और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा मिलता है।

# एक-दूसरे से नफरत करते हैं पुतिन और जेलेंस्की: डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गहरी नफरत की वजह से शांति की कोशिशें मुश्किल हो रही हैं। हालांकि ट्रंप ने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने की दिशा में अच्छी प्रगति हो रही है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, 'जेलेंस्की और पुतिन एक-दूसरे से नफरत करते हैं, और इससे मामला बहुत मुश्किल हो जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि हम समझौते के बहुत करीब पहुंच चुके हैं। मुझे लगता है कि इसे सुलझाने का अच्छा मौका है।'

बता दें कि इससे पहले गुरुवार को कैबिनेट मीटिंग में ट्रंप ने कहा था, 'मैंने खुद राष्ट्रपति पुतिन से गुजारिश की कि वे कीव और दूसरे शहरों पर एक हफ्ते तक गोलीबारी न करें, और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई।



यह बहुत अच्छी बात थी। बहुत से लोगों ने कहा था कि फोन मत करो, वह तुम्हारी बात नहीं मानेंगे, लेकिन उन्होंने ऐसा किया।' ट्रंप ने अपनी गुजारिश की वजह बताते हुए इलाके में हो रही भयंकर सर्दी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'यह असाधारण है। सिर्फ ठंड नहीं, बल्कि असाधारण ठंड। रिकॉर्ड तोड़ सर्दी वहां भी वैसी ही है, यह मौसम की बड़ी मुसीबत है।' ट्रंप ने वाशिंगटन में हो रही सर्दी से इसकी तुलना करते हुए कहा, 'ठंड को देखते हुए मैंने राष्ट्रपति पुतिन से गुजारिश की कि वे कीव और दूसरे शहरों पर एक हफ्ते तक गोलीबारी न करें। और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई, यह बहुत अच्छी बातचीत थी।' ट्रंप के बयानों के बावजूद रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष जारी है। यूक्रेन के अधिकारियों ने गुरवार को कहा कि दक्षिणी जपोरिझिया इलाके में रातभर हुए रूसी ड्रोन हमले में 3 लोग मारे गए। वहीं, जेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि रूस एक और बड़े हमले की तैयारी कर सकता है, ऐसे में ट्रंप और पुतिन की बातचीत का कुछ खास असर जमीन पर नजर नहीं आ रहा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** **प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया


# ट्रोलर्स को पसंद नहीं आई सिने अभिनेता गोविंदा की सादगी

हीरो नंबर वन गोविंदा ने दिखाया सफलता कभी भी दिमाग पर हावी नहीं करनी चाहिए। बड़े सुपरस्टार होने के बावजूद भी उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियमों का सम्मान किया और एक मिसाल कायम की लेकिन सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में रील्स के माध्यम से ट्रोल करने वालों को कौन समझाए। गोविंदा ने आगरा आकर जिस सादगी और प्रेम से ताजनगरी के वाशिंदों का दिल जीता, उसकी गवाही आज भी शहरवासी देते हैं।






आगरा में लग्जरी कार से आते सिने अभिनेता गोविंदा।




एयरपोर्ट अथॉरिटी के नियमों का पालन करते हुए सरकारी कार से जाते गोविंदा।

एनएनआई

**आगरा।** सिने जगत के हैंडसम अभिनेताओं में शुमार गोविंदा अपने लुक्स और सादगी से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। उनकी सादगी लोगों के लिए प्रेरणा रहती है। आगरा में एक कार्यक्रम में आए फिल्म अभिनेता की सादगी को लेकर ट्रोलर्स द्वारा ट्रोल किया जा रहा है।

आरोही इवेंट के यूपी आइकॉनस अवार्ड नाईट में शिरकत करने फिल्मी दुनिया के सदाबहार हीरो में शुमार गोविंदा आगरा आए थे। आयोजक उन्हें बीएम डब्ल्यू कार संख्या यूपी-80-एच एल-4032 से लेने गए थे। चूंकि एयरपोर्ट के अंदर प्राइवेट गाडी के जाने की अनुमति नहीं दी। वहां के इंचार्ज से बात करने के बाद बताया गया कि एयरपोर्ट के अंदर की अनुमति पहले से एडीएम सिटी साहब से लिखित मे लेनी होती है। उस समय ये संभव नही था। ऐसे में गोविंदा एयरपोर्ट पर उतरे और फिर उन्हें अंदर से बहार तक सरकारी गाडी से लाया गया। उसके बाद आयोजक अमित तिवारी उन्हें बीएमडब्ल्यू से होटल हॉलिडे इन लेकर पहुंचे। शाम को उन्होंने इवेंट किया और अगले दिन दोनों ने अपने जन्मदिन का केक काटा। इसके बाद गोविंदा को लखनऊ छोड़ दिया गया। वहां उनका इवेंट था। आयोजक के अनुसार उनकी जो 11 सेकंड की वीडियो वायरल हो रही है, वह एयरपोर्ट की सरकारी गाडी को है। गोविंदा कभी ऐसी गाड़ियों मे सफर नही करते। कुछ लोग उनकी सादगी के लिए ट्रोल कर रहे हैं। जबकि उन्हें उनकी सादगी का कायल होना चाहिए, लेकिन कहते हैं जैसे जाकी भावना...।

# 24 घंटे बाद बुलडोजर से ध्वस्त होंगे 800 मकान!

## 9 सेक्टर में बंटा एरिया, मथुरा एस्केप पर हटेगा अतिक्रमण

एनएनआई

**मथुरा।** मथुरा एस्केप पर वर्षों से चले आ रहे अतिक्रमण प्रकरण में अब कार्रवाई की तारीख तय हो गई है। सिंचाई विभाग ने ध्वस्तीकरण की विस्तृत कार्ययोजना जिला प्रशासन को सौंप दी है। फोर्स की उपलब्धता रही तो रविवार से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए पूरे क्षेत्र को नौ सेक्टरों में बांटा जा रहा है और प्रत्येक सेक्टर में मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाने की रणनीति तैयार की गई है।

जिला प्रशासन को सौंपी गई कार्ययोजना के अनुसार मथुरा एस्केप नहर की करीब 3.5 किलोमीटर लंबाई में फैले अतिक्रमण को चरणबद्ध ढंग से हटाया जाएगा। नहर की मूल चौड़ाई 35 फीट थी, जो अतिक्रमण के चलते घटकर लगभग आठ फीट रह गई है। एस्केप की भूमि पर गणेशरा व संजय नगर के अलावा अन्य छोटी-छोटी कॉलोनियों में करीब 800 मकान, दुकानें और अन्य प्रतिष्ठान बने हैं। विभाग का कहना है कि चौड़ाई घटने से जलनिकासी बाधित हो रही है और हाई कोर्ट के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई अनिवार्य है।




**सिंचाई विभाग ने जिला प्रशासन को सौंपी कार्ययोजना**

ध्वस्तीकरण के लिए पोकलेन, जेसीबी, हैमर, ट्रैक्टर-ट्रॉली, कैंटर और टैंकरों समेत सभी आवश्यक मशीनरी जुटा ली गई है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। सेक्टर वार कार्रवाई से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न हो।

यह मामला 2013-14 से न्यायालयों में लंबित रहा है। 18 दिसंबर 2013 को हाई कोर्ट ने जनहित याचिका पर नहर की मूल चौड़ाई बहाल करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद सात अप्रैल 2014 को भी अतिक्रमण हटाने का आदेश हुआ। वर्ष 2022 में नए नोटिस जारी किए गए, जिन्हें चुनौती देने वाली याचिकाएं 2023 में खारिज हो गईं।

**नौ मजिस्ट्रेटों की निगरानी में शुरू होगा ध्वस्तीकरण**

सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार को पुनर्वास की योजना लाने के निर्देश दिए थे। फिलहाल हाई कोर्ट का अतिक्रमण हटाने का आदेश प्रभावी है और अगली सुनवाई 20 फरवरी को प्रस्तावित है। अगली सुनवाई से पहले ध्वस्तीकरण की तैयारी के बीच स्थानीय स्तर पर बेचैनी बनी हुई है।

जिन क्षेत्रों में वर्षों से लोग रह रहे हैं, वहां हाल के दिनों में भी संपत्ति के सौदे हुए हैं और नए निर्माण सामने आए हैं। बावजूद इसके विभाग का रुख स्पष्ट है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कार्रवाई होगी।

# इस्कॉन मंदिर के दान प्रमुख को हत्या की धमकी

एनएनआई

**वृंदावन (मथुरा)।** विश्व प्रसिद्ध इस्कॉन मंदिर के दान प्रमुख की गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी गई है। मंदिर के गेस्ट हाउस की आधिकारिक बुकिंग हेल्पलाइन पर आई कॉल ने अफरा-तफरी मचा दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अज्ञात नंबर को सर्विलांस में लगवाया है।

साथ ही पुलिस की टीमें जांच के साथ आरोपित की पहचान करने में जुट गई हैं। इस्कॉन मंदिर के अतिथि गृह की बुकिंग के लिए जारी आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर गुरुवार एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। कॉल के दौरान उसने दान विभाग के एचओडी राधा सखा दास का नाम लेते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

फोन करने वाले ने कहा कि वह उन्हें गोली मार देगा। धमकी मिलने के बाद मंदिर प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। इस्कान मंदिर के सीएफओ विष्णु नाम दास ने थाने में अज्ञात मोबाइल नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

शिकायत में बताया कि यह धमकी न केवल एक व्यक्ति विशेष की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, बल्कि एक प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था की शांति, सुरक्षा और व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गंभीर घटना है। धमकी मिलने के बाद मंदिर परिसर और गेस्ट हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सदर सीओ प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। अज्ञात नंबर को सर्विलांस में लगाया गया है। दो टीमें गठित करके जांच शुरू कराई है। जल्द ही पूरे प्रकरण का राजफाश किया जाएगा।

# सर्दी से रेल संचालन प्रभावित, ट्रेनें 9 घंटे तक लेट

**फिरोजाबाद** एनएनआई। लगातार दो दिन पड़े घने कोहरे ने रेल संचालन को प्रभावित किया है। शनिवार को अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से नौ घंटे की देरी से टूंडला स्टेशन पहुंचीं।

ट्रेनों के विलंब और रद्द होने के कारण यात्रियों को स्टेशन पर घंटों इंतजार करना पड़ा। रेल प्रशासन ने अप की गरीब रथ एक्सप्रेस, डाउन की महानंदा एक्सप्रेस और नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस को रद्द किया। दिल्ली और आगरा की ओर जाने वाली ट्रेनों में पूर्वा एक्सप्रेस पांच घंटे, अवध एक्सप्रेस छह घंटे, मरुधर एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, मगध एक्सप्रेस चार घंटे, अमृत भारत एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, तेजस एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, गोमती एक्सप्रेस चार घंटे, पारसनाथ एक्सप्रेस ढाई घंट देरी से पहुंचीं।

# शादी के एक माह बाद ही टूटा रिश्ता, साथ रहने से किया मना

एनएनआई

**हाथरस।** गेट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कैलाश नगर में शादी के महज एक माह बाद ही पति-पत्नी के रिश्ते में दरार सामने आ गई। मोहल्ला कैलाश नगर निवासी युवक, जो बेकरी में काम करता है, की शादी एक महीने पहले आगरा की युवती से हुई थी।

शादी के तुरंत बाद से ही पति-पत्नी के संबंध सामान्य नहीं रहे। आए दिन विवाद की स्थिति बनने लगी। इसी बीच विवाहिता ने अपने पति के साथ रहने से साफ इनकार कर दिया। पति के साथ न रहने का फैसला लेने के बाद विवाहिता ने इसकी जानकारी अपने मायके पक्ष को दी। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग हाथरस पहुंचे। युवती ने कहा कि कई ऐसी वजहें हैं, जिनके चलते वह अब



अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती और स्वेच्छा से अलग हो रही है। विवाद बढ़ने पर मामला पुलिस तक पहुंच गया। हाथरस गेट कोतवाली में दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई गई। काफी देर तक चली बातचीत के बाद पति-पत्नी के अलग-अलग रहने पर सहमति बन गई। युवक का कहना था कि अगर उसकी पत्नी उसके साथ नहीं रहना चाहती, तो वह उसे मजबूर नहीं कर सकता। हालांकि, एक माह पहले हुई शादी के टूटने से उसे गहरा दुख है। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की सहमति से मामला शांत करा दिया गया है।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


# कंटेनर ने दो ऑटो को मारी टक्कर, आठ लोग घायल



एनएनआई

**आगरा।** थाना खंदौली क्षेत्र में आज दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कंटेनर ने दो ऑटो को रौंद दिया। हादसे में आठ लोगों के घायल होने की सूचना है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ऑटो एक ही दिशा में जा रहे थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी और फिर दूसरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना खंदौली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। हादसे के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई।

# यमुनापार में रंगबाजी के सफाये को पुलिस ने बनाई ठोस रणनीति

एनएनआई

**आगरा।** यमुनापार इलाके से रंगबाजी और आपराधिक गतिविधियों के पूरी तरह सफाये के लिए पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में डीसीपी सिटी, डीसीपी पश्चिमी और एडीसीपी क्राइम को बुलाकर ठोस रणनीति तैयार की गई। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए कि जल्द ही यमुनापार की चिह्नित गलियों में पुलिस का पैदल मार्च कराया जाए, ताकि जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम हो सके। पुलिस को निर्देशित किया गया कि पैदल मार्च के दौरान जनता से सीधे संवाद किया जाए। लोगों को एक पर्ची दी जाएगी, जिस पर सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर अंकित होगा। साथ ही यह भरोसा दिलाया जाएगा कि सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। इन मोबाइल नंबरों की मॉनीटरिंग स्वयं डीसीपी सिटी करेंगे। ट्रांसयमुना थाना



क्षेत्र की पुलिस ने एक दर्जन से अधिक ऐसे इलाकों को चिह्नित किया है, जहां रंगबाजी और आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। पुलिस आयुक्त ने इन इलाकों में एक साथ 600 पुलिस कर्मियों को उतारकर पैदल गश्त कराने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा ट्रांसयमुना थाना क्षेत्र में सिपाहियों की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया है। इन अतिरिक्त सिपाहियों को केवल गोपनीय जानकारी जुटाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। वे सीधे डीसीपी सिटी को रिपोर्ट करेंगे और थाने की दैनिक कार्यप्रणाली से उनका कोई लेना-देना नहीं होगा। सिपाहियों को इलाके में जुआ-सट्टा कराने वालों, विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त में हस्तक्षेप करने वालों, अवैध ईंट मंडियों से महीनेदारी वसूलने वालों, अवैध खनन कराने वालों और तमंचे रखने वाले युवकों की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही यमुनापार इलाके के 48 हिस्ट्रीशीटरों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। अगले तीन माह तक उनकी गतिविधियों की लगातार निगरानी की जाएगी। पुलिस का मानना है कि इस सख्त कार्रवाई से यमुनापार में रंगबाजी और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

## पुलिस ने जारी किया ये हेल्पलाइन नंबर

राज चौहान हत्याकांड के बाद पुलिस ने यमुनापार के करीब तीन दर्जन बदमाशों की सूची तैयार की है। सभी पर जल्द शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने अब हेल्पलाइन नंबर 7839860813 जारी किया है। यदि गुंडे-बदमाश परेशान करें तो इस नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जांच में शिकायत सही मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। लिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि यमुनापार में राज चौहान की हत्या के बाद 34 बदमाशों की सूची तैयार की गई है।

# आरोपित की रिमांड में भी नहीं मिला मिंकी शर्मा का सिर

एनएनआई

**आगरा।** प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर सिर अलग करने के मामले में पुलिस को अब तक अहम सबूत हाथ नहीं लगा है। युवती का सिर बरामद कराने के लिए पुलिस ने आरोपित प्रेमी को दो दिन की रिमांड पर लेकर शनिवार को दिनभर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

23 जनवरी की देर रात जवाहर पुल के पास एक बोरे में सिर विहीन शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान टेढ़ी बगिया स्थित पार्वती विहार निवासी मिंकी शर्मा के रूप में हुई थी। विनय राजपूत ने चाकू से मिंकी की हत्या कर सिर अलग किया और शव को बोरे में भरकर फेंक दिया। सिर को उसने झरना नाले में फेंकने की बात कबूल की है। इसी बयान के आधार पर शुक्रवार को ट्रांस यमुना थाना पुलिस ने उसे दो दिन की रिमांड पर लिया। शनिवार को पुलिस टीम आरोपित को साथ लेकर झरना नाले पहुंची। उसकी निशानदेही पर गोताखोरों को नाले में उतारा गया। इसके अलावा ड्रेन कैमरों की मदद से भी आसपास के इलाके की गहन तलाशी ली गई। कई घंटे चले अभियान के बावजूद युवती का सिर बरामद नहीं हो सका।

# संचालक की प्रेमिका ने तोड़े होटल में शीशे, मचाया शोर

एनएनआई

**आगरा।** हाथरस मार्ग पर अप्सरा सिनेमा के सामने स्थित एलएस होटल में शुक्रवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवती को बंधक बनाकर रखने की सूचना पुलिस को मिली। बताया गया कि कुछ युवक सड़क से युवती को घसीटते हुए होटल में ले गए हैं। युवती ने कमरे में जमकर हंगामा करते हुए शीशे तोड़ दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीन युवक व तीन युवतियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना शुक्रवार शाम करीब छह बजे की है। सड़क से गुजर रहे राहुल भदौरिया और राहुल गौतम ने पुलिस को सूचना दी कि तीन युवक एक युवती को चोटी पकड़कर घसीटते हुए एलएस होटल में ले गए हैं। होटल के कमरे से युवती के शोर मचाने और शीशे तोड़ने की आवाजें आ रही थीं। वह बाहर निकलने की कोशिश कर रही थी।सूचना पर रामबाग चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ होटल पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही होटल में अफरातफरी मच गई। कमरों में मौजूद अन्य युवक-युवतियां भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तीन युवतियों और तीन युवकों को पकड़ लिया। शीशे तोड़ने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से हिमाचल प्रदेश की रहने वाली है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# ठंड के थपेड़ों से रातभर जूझे 'जंगजू'

एनएनआई

**एत्मादपुर।** प्राकृतिक सौंदर्य के पुष्पों को अभिलाषा के इतर बलिदान कर चुनाव के समय वोट की शक्ति देकर जिंदाबाद-जिंदाबाद करने वाले देवतुल्य मतदाता आज हाय-हाय कर रहे हैं। जिंदगानी की सहूलियत की आशाएं धूलधूसरित होने पर हाड़ कंपा रही कड़कड़ाती ठंड में रात एक बजे अमूल्य वोट के इन जंगजू धनवानों के दिलों-दिमाग में आक्रोश की ज्वाला धधक रही है। गुस्से के गुबार ने उन्हें गांव के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना-प्रदर्शन के लिए विवश कर दिया है।

कुबेरपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे शामियाना तानकर क्षेत्र की प्रमुख ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे ग्रामीण मतदाताओं का कहना है कि आजादी के बाद से आज तक तहसील मुख्यालय होने के बावजूद उनके यहां एक कन्या महाविद्यालय तक नहीं बन पाया है। गांव से लेकर राजधानी तक में सरकार बनाने में लगातार वह योगदान देते चले आ रहे हैं। लेकिन



उनकी बेहाली पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यहां हाइवे पर इस पार से उस पार जाने वाले स्कूली बच्चों और आम जनता की सुरक्षा के लिहाज से न कोई अंडर पास बना है, न फ्लाई ओवर। सड़क पर वाहन चलाने का टैक्स वसूलने वाली सरकारी संस्था भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने सर्विस रोड के दोनों किनारों पर पानी निकासी तक का कोई प्रबंध नहीं किया है।

शुक्रवार की दोपहर भारतीय किसान यूनियन टिकैत की युवा विंग के मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार यादव के नेतृत्व में बेमियादी धरना शुरू करने वाले ग्रामीण मतदाताओं का आंदोलन आज भी यथावत है। कल शाम को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) देवेश कुमार सिंह उन्हें मनाने थाना प्रभारी निरीक्षक (अपराध) जेपी तिवारी संग पहुंचे। लेकिन आंदोलनकारियों की समस्याएं पुलिस महकमे से संबंधित नहीं होने पर वह लौट गए। इसके बाद अभी तक कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। बीती रात एक बजे धरना स्थल पर समीपवर्ती गांव भागुपुर निवासी पूर्व पंचायत सदस्य शिवदेव बघेल, गदपुरा के पंकज यादव, विपिन यादव, राजकुमार दीक्षित, सौरव यादव, हरवीर सिंह, पप्पू चौहान, तेजवीर सिंह चौहान, लख्मी चंद बघेल, भूप सिंह, अमर सिंह, श्याम सिंह, रामनरेश आदि 13 आंदोलनकारी ग्रामीण टैंट से किराए पर आईं मैली-कुचैली रजाइयों में बैठे मिले।

"आंदोलनकारियों की सभी मांगें जायज हैं। जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी को मौके पर आकर इनका प्रभावी समाधान कराना चाहिए। अगर भीषण सर्दी के मौसम में किसी भी आंदोलनकारी की तबीयत बिगड़ी तो इसकी जिम्मेदारी आगरा प्रशासन की होगी।

**मनोज कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान पार्टी।**

## यह हैं ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

कुबेरपुर पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने अंडरपास, एत्मादपुर क्षेत्र में लड़कियों के पढ़ने के लिए डिग्री कॉलेज, कानपुर पैसेंजर ट्रेन का आगरा फोर्ट से संचालन। आगरा फोर्ट लखनऊ इंटरसिटी का कुबेरपुर पर ठहराव। भागुपुर एवं नगला रामबक्स में जलभराव की समस्या का समाधान एवं सर्विस रोड की पूर्णता, धौर्रा रेलवे पुलिया में सीमेंटेड सड़क निर्माण। यमुना एक्सप्रेसवे भू-अधिग्रहण प्रभावित किसानों को 64 .7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा।

# अगरपुर पंचायत में मुआवजा के लिए गरजे किसान

**एत्मादपुर** एनएनआई । तहसील क्षेत्र के गांव अगरपुर में सिस्टम सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर के नेतृत्व में बरहन क्षेत्र के किसान सड़क चौड़ीकरण को किए गए भू-अधिग्रहण का मुआवजा नहीं मिलने के विरोध में जमकर गरजे।पंचायत में मौके पर पहुंचे एसडीएम सुमित कुमार सिंह को प्रभावित किसानों ने ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

ज्ञापन में कहा गया है कि गांव बरहन से चावली, अगरपुर, गढ़ीसहजा, चिरौहली, बैलौठ, बुर्ज शिव सिंह, नगला ताज, मुखवार, बासबोड़िया को जलेसर रोड के गांव बास मोहन सहाय को जोड़ने वाले मार्ग के चौड़ीकरण को किसानों की जमीन के अधिग्रहण का अभी तक मुआवजा नहीं दिया गया है। अगर जल्द मुआवजा नहीं दिया गया तो प्रभावित क्षेत्रीय किसान आंदोलन को बाध्य होंगे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शनिवार, 31 जनवरी, 2026


# उपभोक्ता हित और पारदर्शिता को लेकर चांदी की हॉलमार्किंग पर मंथन

### चांदी की ज्वेलरी पर अनिवार्य हॉलमार्किंग की दिशा में बड़ा कदम



- हॉलमार्किंग व्यवस्था को चरणबद्ध लागू करने पर बनी सहमति

एनएनआई

**आगरा।** चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा इससे जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं को समझने के उद्देश्य से सर्राफा ट्रेड डेवलपमेंट एसोसिएशन एवं भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) और इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इब्जा के राष्ट्रीय स्किल डेवलपमेंट डायरेक्टर मनोज पुंडीर के नेतृत्व में भारतीय मानक ब्यूरो के हॉलमार्किंग हेड ऑफिस से आई टीम में चित्रा गुप्ता (डीडीजी-हॉलमार्किंग), निशा बोरा (हेड ऑफ हॉलमार्किंग) एवं के. चंदन राव शामिल रहे।

बीआईएस एवं इब्जा की टीम ने आगरा स्थित एसीपीएल एक्सपोर्ट का दौरा कर चांदी की ज्वेलरी निर्माण प्रक्रिया, प्रयुक्त टांके, शुद्धता निर्धारण एवं हॉलमार्किंग की तकनीकी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इस दौरान चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग लागू करने में आ रही तकनीकी एवं व्यावहारिक चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा ज्वेलरी निमार्ताओं के सुझावों को नोट किया गया।

इसके पश्चात आगरा के एक होटल में आगरा की समस्त ज्वेलरी एसोसिएशनों–आगरा सराफा एसोसिएशन, आगरा सराफा मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन, श्री सराफा एसोसिएशन , सरार्फा स्वर्णकार व्यवसायिक कमेटी, इब्जा आगरा एवं अन्य संगठनों के संयुक्त सहयोग से आगरा के चांदी ज्वेलरी मैन्युफैक्चरर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीआईएस टीम द्वारा चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग से जुड़ी वर्तमान समस्याओं एवं भविष्य में इसे और बेहतर ढंग से लागू करने पर सकारात्मक चर्चा की गई।

इस अवसर पर आगरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने कहा कि चांदी की ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग लागू होने से ज्वेलर्स और उपभोक्ताओं के बीच पारदर्शिता और विश्वास दोनों मजबूत होंगे।

उन्होंने कहा कि आज के समय में उपभोक्ता शुद्धता को लेकर अधिक जागरूक है और हॉलमार्किंग व्यवस्था उसे सही गुणवत्ता के अनुरूप मूल्य सुनिश्चित करने में मदद करेगी। नितेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि यदि हॉलमार्किंग को चरणबद्ध, व्यावहारिक और उद्योग-अनुकूल तरीके से लागू किया जाता है तो इससे व्यापार पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा, बल्कि दीर्घकाल में ज्वेलरी उद्योग की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उन्होंने बीआईएस और इब्जा द्वारा ज्वेलर्स से सीधे संवाद करने की पहल को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से नियमों को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करना संभव हो सकेगा।

# बल्केश्वर के गंगे गौरी पार्क मैदान में जुटेंगे सैकड़ों हिंदू

- बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति दो फरवरी को कर रही विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन
- कमला नगर में पोस्टर और आमंत्रण पत्र किया जारी, रविवार सुबह बल्केश्वर क्षेत्र में निकालेंगे आमंत्रण यात्रा



एनएनआई

**आगरा।** बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा दो फरवरी, सोमवार को बल्केश्वर स्थित गंगे गौरी पार्क मैदान में दोपहर एक बजे से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में सैकड़ों हिंदू जुटेंगे। सम्मेलन के प्रति जन जागरूकता की दृष्टि से शुक्रवार को कमला नगर स्थित होटल पार्क लेन में आयोजकों द्वारा सम्मेलन का पोस्टर और आमंत्रण पत्र विमोचन करके जारी किया गया। बाबा बल्केश्वर नाथ हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष व युवा समाजसेवी निखिल गोयल ने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन में जात पात और अन्य विभाजनों से ऊपर उठकर हिंदुओं से एकजुट होने का आह्वान किया जाएगा। सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्र हित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने हिंदू भाई बहनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। महामंत्री स्पर्श जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक मानस मर्मज्ञ पूज्य संत श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज जी आशीर्वचन प्रदान करेंगे। समाजसेवी अनुज गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। क्षेत्रीय पार्षद हरिओम गोयल 'बाबा', राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रमन अग्रवाल, राकेश त्यागी, ब्रह्मा गुप्ता, निश्चल गोयल, श्याम किशोर गुप्ता, अनुज गोयल, डॉ. रविन्द्र गुप्ता, कौशल किशोर शर्मा एड., सत्यश्रवा गुप्ता, साधना, दुर्गेश शर्मा, मीना गुप्ता, अरुणा गुप्ता, पुनीत खंडेलवाल, महेश निषाद, मनीषा भरतिया, राजीव मिश्रा, अशोक जिन्दल, राजा चौधरी, अंजु दयालानी, प्रथम गोयल, शशि गुप्ता, पंकज अरोड़ा, भोला राम, नरेश कुमार, विनीत गुप्ता, शालिनी गुप्ता, ललिता राठौर, संदीप गुप्ता, सोनू सेन, शैलू गौतम, कुमकुम उपाध्याय और भोला अग्रवाल भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में की समीक्षा बैठक



**आगरा (एनएनआई)।** केंद्रीय सरकार में ज्वाइंट सेक्रेटरी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, (डीए-एफडब्ल्यू) व चुनाव आयोग के विशेष रोल प्रेक्षक संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की उपस्थिति में आगरा मंडल के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ईआरओ के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में मंडलायुक्त लघु सभागार में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि एसआईआर के अंतर्गत सभी नोटिस जनरेट कर बीएलओ के माध्यम से अनमैप्ड मतदाता को शत-प्रतिशत उपलब्ध करायें तथा 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग प्रक्रिया पूर्ण न होने वाले मतदाताओं को जारी नोटिसों को सम्बन्धित अभिलेख प्राप्त कर नोटिसों का शत-प्रतिशत निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# शी विल इंस्पायर के संवाद ने महिलाओं के आत्मविश्वास और संकल्प को दी नई ऊर्जा

- दयालबाग स्थित खेल गांव में महिला उद्यमिता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया

एनएनआई



**आगरा।** महिला सशक्तिकरण को व्यवहारिक धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिलाओं की उद्यमशीलता को समर्पित संस्था शी विल इंस्पायर द्वारा दयालबाग स्थित खेल गांव में महिला उद्यमिता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साह, राष्ट्रभाव और सकारात्मक सोच के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया, जिसने महिलाओं के आत्मविश्वास और संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की।

संस्था की संस्थापक राशि गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि शी विल इंस्पायर की स्थापना का मूल उद्देश्य महिलाओं को केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय लेने में सक्षम, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी उद्यमी के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आज की महिला में नवाचार, नेतृत्व और जोखिम उठाने की अद्भुत क्षमता है, आवश्यकता केवल सही दिशा, मार्गदर्शन और सहयोगी मंच की है।

उन्होंने आगे बताया कि संस्था महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वतंत्र करने के साथ-साथ मानसिक रूप से मजबूत बनाने पर भी विशेष ध्यान देती है, ताकि महिलाएं अपने सपनों को सीमाओं में न बांधें और आत्मविश्वास के साथ अपने स्टार्टअप और व्यवसायिक विचारों को आगे बढ़ा सकें।

कार्यक्रम में आयोजित उद्यमिता संवाद सत्र का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों–जैसे घरेलू उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, हैंडीक्राफ्ट, फैशन, ब्यूटी, एजुकेशन, डिजिटल सेवाओं और स्टार्टअप–से जुड़ी महिलाओं को एक साझा मंच प्रदान करना था। इस मंच पर महिलाओं ने अपने-अपने व्यवसायिक अनुभव, संघर्ष, सफलता की कहानियां और भविष्य की योजनाएं साझा कीं, जिससे अन्य प्रतिभागियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिला। संवाद के दौरान इस बात पर विशेष रूप से चर्चा की गई कि घर के एक छोटे से कमरे से शुरू हुआ व्यवसाय भी यदि गुणवत्ता, निरंतरता और सही रणनीति के साथ आगे बढ़े तो वह बड़े बाजार और ब्रांड का रूप ले सकता है। महिलाओं को उत्पाद विकास, मूल्य निर्धारण, ग्राहक विश्वास, ब्रांड पहचान, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और नेटवर्किंग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन दीक्षा असवानी एवं पूजा लूथरा ने किया। कार्यक्रम की संयोजक रोली रस्तोगी एवं कृषिका जैन रहीं। इस अवसर पर आदिति मित्तल, आस्था अग्रवाल, दीपिका गर्ग, डिंपल राज, दिव्या गुप्ता, रुचि गुप्ता, पूजा अग्रवाल, पूजा असवानी, नेहा विज, श्रुति, शगुन, मीनाक्षी किशोर, तनु बंसल, तन्वी मित्तल आदि उपस्थित रहीं।

# हरि भक्ति, गोविंद स्मरण और सनातन संस्कारों का दिव्य संगम

- मॉर्निंग वॉक क्लब का दसवां सामूहिक एकादशी उद्यापन भक्तिभाव के साथ संपन्न

एनएनआई



**आगरा।** वैदिक मंत्रोच्चार, विष्णु सहस्त्रनाम के पावन उच्चारण और गोविंद नाम की मधुर गूंज के बीच केशव कुंज, प्रताप नगर स्थित बुर्जी वाला मंदिर परिसर में मॉर्निंग वॉक क्लब द्वारा आयोजित दसवां दो दिवसीय सामूहिक एकादशी उद्यापन समारोह का द्वितीय एवं अंतिम दिवस गहन श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपराओं के भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। संपूर्ण परिसर में आध्यात्मिक चेतना और भक्तिरस का अनुपम संगम दृष्टिगोचर हुआ।

द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्रातःकाल गोविंद अभिषेक एवं विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के साथ हुआ। इस विशेष अवसर पर सभी यजमान अपने-अपने घरों से लड्डू गोपाल को साथ लेकर आए और भगवान श्रीकृष्ण के साकार स्वरूप के समक्ष सामूहिक अभिषेक व पूजन किया। लड्डू गोपाल के सान्निध्य में संपन्न यह अनुष्ठान श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत भावविभोर एवं आध्यात्मिक अनुभूति से परिपूर्ण रहा।

विष्णु सहस्त्रनाम पाठ के दौरान श्रीमन नारायण और गोविंद नाम के सामूहिक उच्चारण से मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु से परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की। इसके उपरांत विधि-विधान से 56 ब्राह्मणों को दान प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसे सनातन परंपरा में पुण्यदायी माना जाता है। इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मॉर्निंग वॉक क्लब के अध्यक्ष सीए मुकेश गोयल ने कहा कि सामूहिक एकादशी उद्यापन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मसंयम, सेवा और सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। वहीं क्लब के महामंत्री रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह परंपरा विगत दस वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है और प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं की सहभागिता और आस्था में निरंतर वृद्धि हो रही है। दो दिवसीय इस आयोजन का समापन भक्ति, अनुशासन और सेवा भाव के संदेश के साथ हुआ। यह समारोह श्रद्धालुओं के मन में सनातन संस्कृति के प्रति आस्था को और अधिक सुदृढ़ कर गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिलेश गोयल, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, रिंकू बांसल, राकेश गर्ग, राजीव जैन, निखिल गर्ग, सरोज अग्रवाल, रीना गोयल, मधु अग्रवाल, हेमलता सहित अनेक सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# आगरा बनेगा लक्जरी कारों का राष्ट्रीय मंच

एनएनआई




**आगरा।** आगरा में लक्जरी ऑटोमोबाइल संस्कृति को नई पहचान देने वाले लक्स मोटर शो एडिशन 2 का उद्घोषणा समारोह फतेहाबाद रोड स्थित होटल ग्रैंड मर्क्योर में संपन्न हुआ। यह लक्जरी ऑटोमोबाइल प्रदर्शनी 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को ग्रैंड मर्क्योर, जीएमसीसी, फतेहाबाद रोड में आयोजित की जाएगी।

द कार मॉल के संस्थापक शिवम चावला ने बताया कि लक्स मोटर शो एडिशन 2 एक केवल आमंत्रण आधारित आयोजन होगा, जिसमें वही अतिथि शामिल होंगे जो वास्तव में लक्जरी कारों के खरीदार या संभावित ग्राहक हैं। यह आयोजन टियर-2 शहरों में लक्जरी ऑटोमोबाइल्स की बढ़ती स्वीकार्यता और मांग का सशक्त प्रमाण है।


उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल उद्योग में अपने 23 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर उन्होंने इस मंच की परिकल्पना की, जहाँ लक्जरी ब्रांड्स और गंभीर खरीदार एक ही छत के नीचे सीधे संवाद कर सकें। पहले संस्करण को मिली अभूतपूर्व सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि आगरा जैसे शहर भी लक्जरी मोबिलिटी के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मर्सिडीज-बेंज, बीएमडब्ल्यू, ऑडी, वोल्वो, एमआईएनआई, बीवाईडी, एमजी सिलेक्ट, विन फास्ट, महिंद्रा, टेस्ला एवं बीएमडब्ल्यू मोटोरेड जैसे प्रमुख ब्रांड शामिल हैं। इसके साथ ही मिशेलिन टायर्स जैसे प्रीमियम ऑटोमोटिव पार्टनर्स भी आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। इस वर्ष के शो की मुख्य थीम इलेक्ट्रिक एवं फ्यूचर मोबिलिटी होगी। प्रदर्शित वाहनों में लगभग 50 प्रतिशत इलेक्ट्रिक होंगे, जो स्थिरता, पर्यावरण संरक्षण और अगली पीढ़ी की मोबिलिटी की दिशा को दर्शाते हैं।

इस अवसर पर होटल ग्रांड मार्क्योर के महाप्रबंधक विवेक महाजन, अमित खत्री, शिवम चावला, रोहित डेंग, शिखा जैन आदि उपस्थित रहे।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती पर भव्य कीर्तन समागम

एनएनआई



**आगरा।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती के पावन अवसर पर माघ पूर्णिमा, संवत 2082 के शुभ दिन को चेतना सत्संग गुरु घर में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव से परिपूर्ण कीर्तन समागम कीर्तन की हाजिरी के लिए गुरु गोबिंद सिंह साहिब के पवित्र स्थान हेमकुंठ साहिब के हजूरी रागी भाई साहब हरपाल सिंह मेहर संगतो को संत रविदास उपमा का वर्णन कीर्तन कथा द्वारा संगत को निहाल करेंगे है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रेरणास्रोत हरिचरण मुल्ला के पुण्य स्मरण के साथ उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सेवा और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया, आयोजकों ने बताया कि गुरु रविदास का जीवन समाज में समानता, प्रेम और मानवता की प्रेरणा देता है, जिसे आज के समय में आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गुरु घर परिवार के सक्रिय सेवक रविकांत ने समाज के सभी वर्गों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर गुरु कृपा प्राप्त करने की भावपूर्ण अपील की, वहीं समाजसेवी श्याम भोजवानी ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारा और सेवा की भावना का संचार होता है।

# वाहन चलाते समय जागरूकता और संयम ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवचःराममोहन कपूर

**आरटीओ एवं मनोरम ग्रुप की डावर शू फैक्ट्री में यातायात सुरक्षा कार्यशाला**

एनएनआई



**आगरा।** तेजी से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आरटीओ कार्यालय एवं मनोरम ग्रुप द्वारा यातायात सुरक्षा माह के अंतर्गत आगराझमथुरा रोड स्थित डावर शू फैक्ट्री परिसर में यातायात सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरटीओ अखिलेश द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय चतुर्वेदी, एआरटीओ आलोक अग्रवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मनोरम ग्रुप के चेयरमैन राममोहन कपूर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनोरम ग्रुप के चेयरमैन राममोहन कपूर ने कहा कि वाहन चलाते समय जागरूकता और संयम ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने बताया कि देश में सड़क दुर्घटनाएं सबसे अधिक तमिलनाडु में होती हैं, लेकिन दुर्घटनाओं में मृत्यु दर उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक है। उत्तर प्रदेश में भी आगरा प्रतिदिन औसतन 44 सड़क दुर्घटनाओं के साथ चिंताजनक स्थिति में है। इसके पीछे प्रमुख कारण तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी और एक पंक्ति में वाहन न चलाने की आदत है। उन्होंने बताया कि कुल सड़क दुर्घटनाओं में 52 प्रतिशत शिकार दोपहिया वाहन चालक होते हैं, जिनमें से लगभग 60 प्रतिशत गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। उन्होंने सड़क संकेतों, नियमों और सुरक्षित ड्राइविंग की विस्तार से जानकारी दी। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में 48 प्रतिशत पीड़ित पैदल यात्री या साइकिल सवार होते हैं। उन्होंने कहा कि हेलमेट सिर की गंभीर चोट से काफी हद तक बचाता है, लेकिन अत्यधिक तेज टक्कर की स्थिति में उसकी भी सीमाएं होती हैं। विशिष्ट अतिथि चमड़ा एवं फुटवियर उद्योग परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज और उद्योग जगत की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला का संचालन अनुराग जैन ने किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

# स्टार्टअप व नवाचार सेमिनार में विद्यार्थियों को मिले उद्यमिता के टिप्स




एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छलेसर परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी एंड पैरामेडिकल साइंसेस में कुलपति प्रो. आशु रानी जी के संरक्षण में विवेकानंद इनक्यूबेशन फाउंडेशन (वी.आई.एफ.) सेंटर द्वारा एक प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता तथा स्टार्टअप के प्रति प्रेरित करना रहा। सेमिनार के मुख्य अतिथि एवं वक्ता वी.आई.एफ. के प्रबंधक योगेश तोमर रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्टार्टअप इकोसिस्टम, नवाचार की आवश्यकता, उद्यमिता में आने वाली चुनौतियाँ तथा उनसे निपटने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विचारों को व्यावहारिक रूप देने के लिए उपलब्ध मेंटरशिप एवं इनक्यूबेशन सुविधाओं की जानकारी भी दी।

फामेर्सी विभागाध्यक्ष डॉ रवि शेखर के नेतृत्व में आयोजित सेमिनार में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्टार्टअप, नवाचार एवं स्वरोजगार से जुड़े विषयों पर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। छात्र दिग्विनय पटेल, अमन चौधरी, आदित्य कुमार, सलोनी, योग्यता, निखिल, हर्षिता मिश्रा, गुरु प्रसाद, पवन कुमार, अंशु मौर्या ने अपने स्टार्टअप आइडिया को प्रस्तुत किए। यह आयोजन विद्यार्थियों के भीतर उद्यमशील सोच विकसित करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। सेमिनार की संयोजिका डॉ. स्वेतलाना रहीं। डॉ. गौरव रजौरिया एवं डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने सह-संयोजक के रूप में कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ स्वेतलाना ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो बृजेश तिवारी, डॉ मनोज यादव, डॉ प्रतिभा मिश्रा, डॉ विजय यादव, राशि कुलश्रेष्ठ, अखलेश कुमार, शिवाली डिकोनिया, डॉ संजीव वर्मा, डॉ केसर सिंह, आदि की उपस्थिति रही।

# रोशन हुआ ताजमहल का रास्ता

## शिल्पग्राम से ताज पश्चिमी गेट तक पेड़ों पर की गई आकर्षक फसाड लाइटिंग

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी अब रात में और भी खूबसूरत और सुरक्षित नजर आने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आगरा को एक विश्वस्तरीय पर्यटन शहर के रूप में स्थापित करने के लिए प्रशासन लगातार नए आयाम जोड़ रहा है। इसी कड़ी में आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) ने ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को अब आकर्षक 'फसाड लाइटिंग' से रोशन कर दिया है, जिससे यहां का नजारा पूरी तरह बदल गया है। आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा शिल्पग्राम से लेकर ताज पश्चिमी गेट तक के रास्ते पर पेड़ों पर विशेष 'फसाड लाइटिंग' की गई है। रात के समय जब ये पेड़ रंग-बिरंगी रोशनी में नहाते हैं, तो यहाँ का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह सजावट न केवल रास्तों को रोशन कर रही है, बल्कि यहां से गुजरने वाले देसी-विदेशी पर्यटकों को



एक सुखद और आनंददायक अनुभव भी प्रदान कर रही है।

**आधुनिक 'पिंक टॉयलेट' का निर्माण**

सौंदर्यीकरण के साथ- साथ योगी सरकार ने सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया है। ताज पश्चिमी गेट पार्किंग के समीप महिलाओं की सुविधा के लिए एक आधुनिक 'पिंक टॉयलेट' का निर्माण किया गया है। स्वच्छ वातावरण और बेहतर लाइटिंग के कारण अब पर्यटक देर शाम तक ताज के आसपास के क्षेत्र का आनंद सुरक्षित महसूस करते हुए ले सकेंगे। प्रदेश सरकार का लक्ष्य ताजमहल के आसपास के पूरे क्षेत्र को एक 'मॉडल टूरिज्म जोन' के रूप में विकसित करना है।

अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि आगरा विकास प्राधिकरण का उद्देश्य आगरा आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करना है। शिल्पग्राम से वेस्ट गेट तक की गई फसाड लाइटिंग से रात में यहां का माहौल बहुत आकर्षक हो गया है। इसके अलावा, पिंक टॉयलेट का निर्माण महिला पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है। हमारा प्रयास है कि आगरा आने वाले पर्यटकों को यहां स्वच्छता, सुंदरता और सुरक्षा का बेहतरीन अनुभव मिले। सरकार के इन प्रयासों से न केवल आगरा की छवि निखर रही है, बल्कि रात्रि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।



# पूण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया महात्मा गांधी को नमन

एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि यमुना पार स्थित गांधी स्मारक पर सभी कांग्रेस जनों ने मनोज जैन बौहरा सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मनाई। सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की वह मौनव्रत रखा प्रार्थना सभा में सभी कांग्रेस जनों ने राम धुन गाई व गांधी जी के प्रति अपने विचार साझा करते हुए कहा बापू की पावन स्मृति हमारे हृदय पट पर अमिट रूप से अंकित है इस देश में बापू ने जो महान क्रांति कर दिखाई उससे एक चमत्कार ही कहना होगा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालो में उपस्थित थे। प्रमोद कुशवाहा, आरवी धाकरे, अभय सिंह, लता कुमारी, संतोष उपाध्याय अशोक सागर प्रदीप चंसोलिया, चौधरी बांकेलाल, धर्मेंद्र शर्मा ,बसंत लाल इंजीनियर ,अमीरचंद जाटव अजहर वारसी सतेन्द्र कैम, विष्णु दत्त शर्मा, चौ.बच्चूसिंह, चौ.बाकेलाल, धर्मेंद्र शर्मा, आदि उपस्थित थे

# कोटेदार भी बना सकेंगे अब आयुष्मान कार्ड

एनएनआई

**आगरा।** आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को विकास भवन स्थित सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कोटेदारों से कहा गया।

बैठक में शहरी क्षेत्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी (एमओआईसी) और कोटेदारों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान कोटेदारों की आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए ऑपरेटर आईडी बनाई गई, जिससे वह अपने क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों के कार्ड बना सकेंगे। आयुष्मान योजना के लाभार्थियों की पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी भी



प्रदान की गई। सीडीओ ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी को पांच लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलता है और इसमें परिवार के सभी सदस्य शामिल होते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में एक फरवरी से विशेष अभियान चलाकर पात्र आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अभियान में पात्र लाभार्थियों के 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है । इस अवसर पर आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डॉ. ऋषि गोपाल भी उपस्थित रहे।

# दीन-दुखियों की सेवा ही गाँधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि

एनएनआई

**आगरा।** कुष्ठ सेवा सदन ताजगंज में लैप्रोसी पेशेन्ट्स वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कुष्ठ निवारण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक चौबे थे एवं अध्यक्षता पूरन डावर, चेयरमैन, फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद ने की।

उद्घाटन महात्मा गाँधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। दो मिनट का मौन रखकर गांधी जी को श्रद्धांजलि दी गई एवं प्रतिभा तलेगांवकर एवं शुभ्रा तलेगांवकर द्वारा श्रीराम धुन एवं वैष्णव भजन का गायन किया गया। इस अवसर पर पुस्तिका एक सफर तिरस्कार से



सत्कार तक भाग-2 का विमोचन किया गया। सचिव डॉ. मधु भारद्वाज ने बताया कि पुस्तिका में कुष्ठ रोग के साथ-साथ अन्य रोगों से सम्बन्धित वरिष्ठ चिकित्सकों के लेखों का समावेश है, जो कि पाठकों के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगे। उपाध्यक्ष डॉ एएस सचान ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय दिया। छायाचित्र पत्रकार श्री असलम सलीमी को छायाचित्र पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान एवं सेवाभाव के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि अशोक चौबे ने कहा कि गाँधी जी ने हमें दीन-दुखियों की सेवा करना सिखाया। दीन-दुखियों की सेवा ही गाँधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। हमें माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। डॉ डीवी शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के आदर्शों पर चलकर पूर्व सचिव डॉ वेद भारद्वाज द्वारा कुष्ठ रोगियों की जो सेवा की गई, वह अतुलनीय है। कुष्ठ रोगियों की सेवा करने की प्रेरणा मुझे उनसे ही मिली।

काव्य-गोष्ठी में डॉ राजेन्द्र मिलन, डॉ सुषमा सिंह, प्रभुदत्त उपाध्याय, डॉ यशोयश, विजया तिवारी, उमाशंकर आचार्य आदि ने काव्य-पाठ किया।

# मेयर हेमलता दिवाकर को मातृ शोक

**आगरा** एनएनआई। महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह की मां राजरानी दिवाकर का शुक्रवार को निधन 94 वर्ष की उम्र में हो गया। वह बीते कुछ दिन से बीमार चल रही थीं। आदर्श नगर, रकाबगंज स्थित आवास से ताजगंज मोक्षधाम तक शवयात्रा निकालकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनका अंतिम संस्कार ताजगंज स्थित इलेक्ट्रिक संयत्र द्वारा हुआ है।

महापौर को मातृशोक की खबर सुनकर शहरवासियों ने शोकाकुल परिवार को इस क्षति से उबरने को लेकर प्रार्थना की। शहर के गणमान्य लोगों ने ताजगंज स्थित मोक्षधाम पहुंचकर महापौर को सांत्वना दी।

महापौर ने बताया कि उनकी मां राजरानी दिवाकर उनकी प्रेरणा और



मार्गदर्शक थीं। उन्हीं के बताए मार्ग पर चलकर वह यहां तक पहुंची हैं और आमजन की सेवा कर पा रही हैं। महापौर ने भावुक होकर कहा कि मां स्वर्गवास चली गईं। अब अकेलापन लग रहा है। महापौर ने सूचना देते हुए बताया कि उनकी मां स्व. राजरानी दिवाकर की आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार (01 फरवरी 2026) को दोपहर 3 बजे से 4 बजे तक सूर्य नगर पार्क में उठावनी आयोजित की जाएगी।

# एक-दूसरे के हुए 11 जोड़े, धूमधाम से निकली बारात

एनएनआई

**आगरा।** हरि बोल ट्रस्ट, आगरा द्वारा एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर, बल्केश्वर रोड पर आयोजित विशाल एवं भव्य 11वां सामूहिक एकादशी उद्यापन और सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार को श्रद्धा भक्ति एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ अतिथिगण पार्षद मुरारी लाल गोयल पेन्ट, सुमन गोयल, मनीष अग्रवाल अग्रसेना, विनीता अग्रवाल, डॉली अग्रवाल, प्रियंका गोयल, अर्चना अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, रीना जालन ने किया। संस्थापक ममता सिंघल ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आएं 70 जोड़ों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने 8 बजे हवन पूजन




एवं 9 बजे गऊ पूजन के पश्चात 10 बजे सामूहिक आरती की गई। ब्राह्मणभोज के साथ सामूहिक एकादशी उद्यापन संपन्न हुआ। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने बताया कि बल्केश्वर महादेव मंदिर से 11 दूल्हों की भव्य बारात गाजे-बाजों के साथ निकाल गई। बारात एकलव्य वाटिका, मनोहरपुर पर पहुंची स्टेज पर 11 दुल्हनों को दुल्हों ने वरमाला पहनाई। सभी ने दूल्हों और दुल्हनों को आशीर्वाद दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ वैवाहिक क्रियाएं संपन्न कराई गईं। देर शाम बेटियों की नम आंखों से विदाई की गई।

समारोह में मुख्य रूप से ममता सिंघल, जितेंद्र गोयल, मोहन अग्रवाल, हरेश पंजवानी, महेश निषाद, मोहित अग्रवाल, शिवमंगल गुप्ता, संचित गोयल, संतोष गुप्ता, दीपू गुप्ता, अनिकेत, शालू, हनी, सतीश, सचिन, संचित एवं मंच संचालिका कविता गर्ग, मीना गर्ग, सीमा अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, राजकुमारी, रंजना, पूजा, राधा, बॉबी, श्वेता, नीरू, प्रीति, सुनीता, आरती, कल्पना, शिल्पी, राखी, मंजू, दुर्गा, सुरभि व अन्य उपस्थित रहे।

# आलू का 1100 रुपये प्रति क्विंटल हो एमएसपी: भाकियू

## सड़क पर रैली निकाल कर किया प्रदर्शन, एसडीएम को दिया मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

एनएनआई

**बाह।** बाजार में आलू की बेकदरी होने से किसान की मेहनत और लागत डूबने का खतरा पैदा हो गया है। सरकार आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1100 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किए जाने एवं सांसद और विधायकों की पेंशन बंद किए जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (सर्वोदय) सड़क पर उतरी। बाह ब्लॉक से लेकर तहसील मुख्यालय तक प्रदर्शन किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन तोमर ने कहा कि सरकार सांसद, विधायक की पेंशन बंद कर पुलिस और जवान की पेंशन बहाल करे। जिससे पुलिस और जवानों का मनोबल बढ़ेगा। बाजार में आलू की हो रही बेकदरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने सरकार से आलू का समर्थन मूल्य तत्काल प्रभाव से 1100 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग उठाई। उन्होंने गोशालाओं की दुर्दशा होने एवं छुट्टा मवेशी के आतंक से आलू, सरसों, गेंहू की फसल नष्ट होने पर नाराजगी जताई और कहा कि गोशाला में चारे, पानी एवं चिकित्सा की व्यवस्था होनी चाहिए। छुट्टा मवेशी को पकड़ कर गोशाला भेजा जाना चाहिए। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि जनहित में जैतपुर को नगर पंचायत घोषित किया जाना चाहिए, जिससे विकास की गति तेज हो सके। बाह में भदावर कॉलेज से कैंजरा बाईपास तक सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया जाए, जिससे सड़क पर जाम में फंसने वाले छात्र-छात्राओं को राहत मिल सके। बाह में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना की मांग भी उन्होंने उठाई और कहा कि आगरा तक मरीज के पहुंचने तक जान जाने का खतरा रहता है। बटेश्वर में शमशान घाट का जीर्णोद्धार होना चाहिए, जिससे अंतिम संस्कार के दौरान दिक्कतों का सामना न करना पड़े। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला को सौंपा गया। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज यादव, संरक्षक सुरेन्द्र सिंह चौहान, युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राजावत, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह चौहान, राजीव सिंह भदौरिया, रामौतार, धीरज सिंह राठौर, लक्ष्मीकांत शर्मा, गौमती, चंदा आदि रहे।



## निमार्णाधीन धर्मशाला की दीवार तोड़ी

### सबमर्सिबल चोरी कर बोरिंग में भरे ईंट पत्थर



एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर में निमार्णाधीन शिव शक्ति धर्मशाला की ब्रहस्पतिवार देर रात 10 फीट ऊंची दीवार ढहाए जाने, सबमर्सिबल चोरी कर बोरिंग में ईंट पत्थर भरे जाने का मामला सामने आया है। मौके पर पहुंची बाह पुलिस जांच में जुटी है। बटेश्वर मंदिर के पुजारी जय प्रकाश गोस्वामी ने पुलिस को बताया 19 जनवरी को पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने धर्मशाला की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया था। भू अभिलेख परीक्षण एवं स्थलीय निरीक्षण के बाद 24 जनवरी को दूसरे पक्ष की आपत्ति को औचित्यहीन बता कर निर्माण की मंजूरी दी थी। जिस पर उन्होंने 25 जनवरी से निर्माण कार्य शुरू किया था। धर्मशाला की बाउंड्रीवाल की 130 फीट लंबाई में 10 फीट ऊंची दीवार बन गई थी, निर्माण कार्य रोकने वालों ने ब्रहस्पतिवार रात 1 बजे 10 फीट ऊंची दीवार को ढहा दिया। बाउंड्री तोड़न के साथ ही सबमर्सिबल चोरी कर ली, ईंट मिट्टी डाल कर बोरिंग बंद कर दी। इतना ही नहीं बार बार बाउंड्रीवाल तोड़े जाने और जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि अब तक 5 लाख रुपये निर्माण पर खर्च हो चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक बाह ने बताया कि प्रार्थना पत्र पर स्थलीय निरीक्षण किया है। जांच की जा रही है।

## मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी ससंघ पहुंचे कलाकुंज

**आगरा** एनएनआई। मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज ससंघ ने ओल्ड ईदगाह स्थित जैन मंदिर से प्रातःकालीन मंगल विहार कर श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, कलाकुंज मारुति स्टेट में मंगल प्रवेश किया। ठंडे मौसम के बावजूद उपाध्याय श्री ने शांत भाव से मंगल विहार किया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालु मार्ग में उमड़ पड़े।कलाकुंज पहुंचने पर जैन समाज द्वारा उपाध्याय श्री ससंघ का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण स्वागत किया गया। मंगल प्रवेश के उपरांत गुरुदेव के पावन सानिध्य में मंदिर समिति के तत्वावधान में श्री भक्तामर महामंडल विधान का विधिवत आयोजन किया गया। विधान के दौरान मंत्रोच्चारण, दीप प्रज्वलन एवं अर्घ्य समर्पण के माध्यम से भगवान आदिनाथ की भावपूर्ण आराधना की गई इस अवसर पर उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज ने भगवान महावीर के दर्शन कर भक्तों को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। अपने प्रवचन में उपाध्याय श्री ने संयम, साधना एवं आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से मन की शुद्धि होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# मानवाधिकार सहायता संघ ने किया सम्मान

एनएनआई

**पिनाहट।** मानवाधिकार सहायता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एस एस भारत एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश भदौरिया के निर्देशन में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा के नेतृत्व में मानवाधिकार सहायता संघ जिला टीम आगरा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन क्षेत्र अधिकारी गजेंद्र पाल चौधरी, वनरक्षक गौरी ठाकुर, थाना प्रभारी निरीक्षक बसई अरेला अभिषेक चौहान, अरनोटा चौकी इंचार्ज प्रियांशु सेंगर, थाना प्रभारी निरीक्षक बासोनी सत्येंद्र पाल सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मियों को



उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संघ पदाधिकारियों ने कहा कि वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन समाज की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कर्मठ अधिकारियों का सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देता है और अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मान पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में जिला चेयरमैन उमेश बघेल, जिला उपाध्यक्ष राहुल परिहार, जिला संयोजक सनी सांवरिया, जिला उप सचिव हरिओम वर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष पिनाहट अनिल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बाह सूरज सिंह राजावत, जिला प्रचारक मोनू राजावत सहित बड़ी संख्या में संघमित्र उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए मानवाधिकार सहायता संघ के प्रयासों की प्रशंसा की।

# श्री गौतम ऋषि आश्रम में धूमधाम से मनाया अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव

एनएनआई

**वृन्दावन।** वाराह घाट-परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीगौतम ऋषि आश्रम में चल रहा निंबार्क संस्कृत महाविद्यालय एवं गौतम ऋषि आश्रम के संस्थापक सन्त शिरोमणि पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज का अष्ट-दिवसीय वार्षिक महोत्सव अनंतश्री विभूषित मुकुंद शरण बाबा महाराज एवं श्रीमहंत सर्वेश्वर शरण महाराज (मामाजी) के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत प्रख्यात भागवताचार्य पण्डित रमेश चंद्र शास्त्री महाराज के द्वारा समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सप्तदिवसीय श्रीनिंबार्क भागवत कथा श्रवण कराई गई।इसके अलावा प्रख्यात रासाचार्य



स्वामी भुवनेश्वर वशिष्ठ के निर्देशन में रासलीला का अत्यन्त नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया गया तथा सरस भजन संध्या आयोजित हुई।जिसमें प्रख्यात भजन गायक बनवारी महाराज (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री राधा कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।इससे पूर्व महावाणी पाठ किया गया।साथ ही निंबार्क संप्रदाय के संतो के द्वारा मंगल बधाई समाज गायन भी हुआ।

श्रीगौतम ऋषि आश्रम के श्रीमहंत सर्वेश्वर शरण महाराज (मामाजी) ने कहा कि हमारे दादा गुरु सन्त शिरोमणि पण्डित बिहारी दास त्यागी महाराज निंबार्क संप्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने ही प्रभु भक्ति व धर्म-अध्यात्म के प्रचार-प्रसार हेतु श्रीगौतम ऋषि आश्रम की स्थापना की थी।जिसके द्वारा साधु-सन्त सेवा, गौ-विप्र सेवा, नित्य अन्न क्षेत्र, श्रीहरिनाम संकीर्तन आदि अनेकानेक सेवा प्रकल्प निस्वार्थ भाव से चलाए जा रहे हैं।

महोत्सव में प्रख्यात सन्त प्रेमानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हेमकांत शरण देवाचार्य महाराज (मदन मोहन कुंज), प्रख्यात साहित्यकार "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर स्वामी राधाप्रसाद देव जू महाराज, भागवताचार्य डॉ. अशोक शास्त्री (करौली), ब्रजबिहारी शास्त्री, हरि बाबू (मथुरा), दशरथ सिंह (जयपुर), बाबू सिंह राजावत, सुरेश माथुर, किशन यादव, महंत संतदास महाराज, श्रीमहंत चन्द्रदास महाराज, महंत मोहिनी शरण महाराज, महंत हरिशंकर नागा, पंडित ओमप्रकाश शास्त्री, बाबा प्रेम दास एवं डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन महंतों के सम्मान एवं सन्त, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा (वृहद भंडारे) के साथ हुआ।जिसमें असंख्य व्यक्तियों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

## कैंपस प्लेसमेंट में 40 विद्यार्थियों को मिली सफलता

**आगरा** एनएनआई। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सेठ पदमचंद जैन संस्थान में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में वैकमेट इंडिया लिमिटेड द्वारा भव्य कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए, एमकॉम, बीबीए एवं बीकॉम पाठ्यक्रमों से जुड़े 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में सभी अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 40 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इसके उपरांत सफल विद्यार्थियों को साक्षात्कार चरण के लिए आमंत्रित किया गया।

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया


## संपादकीय

# अजित पवार के बाद पहले जैसी नहीं रहेगी महाराष्ट्र की राजनीति

अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा क्योंकि आमतौर पर इतने बड़े नेता का जब भी असमय निधन होता है या उसके साथ कोई हादसा होता है तो राजनीति बदलती है।अजित पवार एक संतुलनकारी ताकत के तौर पर महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूद थे।भारतीय राजनीति के इतिहास की इस पृष्ठभूमि में जब अजित पवार के निधन को देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। मौजूदा सरकार और राजनीति दोनों का शक्ति संतुलन प्रभावित होगा।इसमें संदेह नहीं है कि उनकी पार्टी रहेगी लेकिन उनके जैसी राजनीति करने वाला कोई नहीं होगा। 2024 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल किया तब भी सरकार का गठन कई दिनों तक अटका रहा था। एकनाथ शिंदे नाराजगी दिखा रहे थे। उस समय भी ब्रेक थ्रू अजित पवार ने दिया था। एकनाथ शिंदे से पहले अजित पवार ने कहा था कि एकनाथ शिंदे का पता नहीं हैं लेकिन मैं शपथ ले रहा हूं। इसके बाद अपने आप सारा खेल बदल गया था।अजित पवार एक तरफ से देवेंद्र फड़नवीस की राजनीति के लिए कवच का काम कर रहे थे। फड़नवीस के साथ उन्होंने एक बार 80 घंटे की सरकार भी बनाई थी। अब फड़नवीस की राजनीति का वह कवच हट गया है। उन्हें अब अकेले पार्टी के अंदर के संघर्ष का मुकाबला करना होगा और पार्टी के बाहर गठबंधन की राजनीति यानी एकनाथ शिंदे के दांवपेंच का भी मुकाबला अकेले करना होगा। फड़नवीस चाहेंगे कि अजित पवार की पार्टी की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो, जिसके साथ वे सहजता से सारी बातें कर सकें। अजित पवार के परिवार से कौन फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री बनता है और बारामती की सीट से कौन उपचुनाव लड़ता है इससे बहुत कुछ तय होगा।जहां तक अजित पवार की पार्टी का सवाल है तो उनके सामने कई विकल्प हैं। एक विकल्प तो यथास्थिति का है। लेकिन नेता के नहीं होने पर यथास्थिति संभव नहीं होती है। इसके बावजूद पार्टी के पास स्वतंत्र राजनीति का रास्ता है। अगर अजित पवार की पार्टी अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखती है तो उसके लिए अच्छा होगा लेकिन उसके लिए जरूरी है कि कोई मजबूत नेता पार्टी की कमान संभाले।ऐसा नेता, जो जरुरत पड़ने पर भाजपा को रोकने के लिए उसकी विरोधी पार्टी से भी तालमेल कर सके। ध्यान रहे अजित पवार ने शहरी निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी से तालमेल किया था। इस तरह की स्वतंत्र राजनीति सबसे अच्छा विकल्प है। दूसरा विकल्प शरद पवार का नेतृत्व स्वीकार करने और दोनों एनसीपी के विलय का है। कहा जा रहा है कि अजित पवार कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। अगर उन्होंने कोई रूपरेखा बनाई हो तब इस रास्ते पर जाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।लेकिन तब भी यह सवाल रहेगा कि नेता कौन होगा? जाहिर तौर पर 85 साल के शरद पवार तो नेता नहीं हो सकते हैं।सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार, पार्थ व जय पवार में से कोई या रोहित व युगेंद्र पवार में से कोई या परिवार से बाहर के सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल और धनंजय मुंडे? एक तीसरा विकल्प अपनी स्वतंत्रता से समझौता करके भाजपा की शरण में जाने का है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपने दोनों युवा बेटों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह रास्ता चुन सकती हैं। एक बार चुनाव लड़ चुके पार्थ पवार राज्य सरकार में शामिल हों और सुनेत्रा खुद केंद्र की सरकार में मंत्री बनें। यह स्थिति देवेंद्र फड़नवीस के भी अनुकूल हो सकती है। फिलहाल बदले हालात में सुनेत्रा पवार के डिप्टी सीएम बनने की चर्चा जोर पकड़ रही हैं। जो हो इतना तय है कि अजित पवार के अचानक महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज से चले जाने से प्रदेश की राजनीति का लैंडस्केप भी पूरी तरह से बदलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसमें अपने विस्तार की संभावना देख रही होगी। ध्यान रहे जब शिव सेना एकजुट थी और एनसीपी भी एकजुट थी तब भाजपा अपना विस्तार उन इलाकों में करना चाहती थी, जहां उसका मजबूत आधार नहीं था। लेकिन दो मजबूत प्रादेशिक पार्टियों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। तभी उसने शिव सेना में विभाजन को डिजाइन किया और एनसीपी का विभाजन भी प्लान किया। दोनों पार्टियों के बंटने और कमजोर होने के बाद के पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीतीं।उसके बाद पहले स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रदेश भर में ग्रामीण व शहरी इलाकों में 50 फीसदी सीटें हासिल की। शरद पवार इस स्थिति को समझ रहे होंगे और वे परिवार के भीतर भाजपा की विस्तारवादी राजनीति से होने वाले संभावित नुकसान पर बात भी करेंगे। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को भी भाजपा की इस राजनीति का अंदाजा होगा। परंतु इन चारों प्रादेशिक पार्टियों के क्षत्रपों को यह भी अंदाजा होगा कि वे अकेले दम पर भाजपा की इस राजनीति का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन कांग्रेस के कमजोर होने से भी है। कांग्रेस के पास अगर विलासराव देशमुख जैसा कोई करिश्माई और मजबूत नेता होता तो वह भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर सकता था। बहरहाल, अगले कुछ दिन महाराष्ट्र की राजनीति में उथलपुथल के रहेंगे और जब अजित पवार के असमय व दुखद निधन से उठा तूफान थमेगा तब दीर्घकालिक राजनीति की तस्वीर बननी शुरू होगी।



# माघ पूर्णिमा पर अवश्य करें महाउपाय

## पूर्वजों की मिलेगी कृपा और दूर होंगे सभी दोष



डॉ. शिल्पा जैन
ज्योतिषाचार्य

हिंदू धर्म में माघ पूर्णिमा को अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन स्नान-दान व पूजा-पाठ करने से साधक की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। यह पवित्र दिन भगवान श्री विष्णु और देवी लक्ष्मी की आराधना के लिए भी पुण्यदायी माना गया है। कहते हैं कि, माघ मास की पूर्णिमा पर श्रद्धा भाव से किए गए जप-तप और व्रत का फल साधक के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव लेकर आता है। इस वर्ष माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 को मनाई जा रही हैं। इस शुभ दिन पर माघ मेले में पांचवां प्रमुख स्नान भी किया जाएगा। ऐसे में कुछ खास उपाय करने से पूर्वजों की कृपा, कार्यों में बाधाएं और सभी तरह के दोषों से भी राहत मिल सकती हैं। आइए इन उपायों को जानते हैं।

### माघ पूर्णिमा राशि अनुसार उपाय

**मेष राशिः** माघ पूर्णिमा के दिन मेष राशि के जातकों के लिए भगवान शिव के मंगलनाथ स्वरूप का दर्शन और अभिषेक अत्यंत फलदायी माना जाता है। इस दिन मसूर की दाल को शिवलिंग पर चढ़ाने से सभी मनोकामनाएँ पूरी होने की संभावना बढ़ जाती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**वृषभ राशिः** पीपल के पेड़ पर मीठा दूध चढ़ाने का विशेष महत्व है। इसके बाद सरसों के तेल के पांच दीपक जलाने से घर में सुख, समृद्धि और भाग्य के लाभ मिलते हैं। यह उपाय विशेष रूप से आर्थिक परेशानियों को कम करने में मदद करता है।

**मिथुन राशिः** जातकों के लिए माघ पूर्णिमा के दिन स्नान का महत्व बहुत अधिक है। नहाने के पानी में दूर्वा डालकर स्नान करने से मानसिक शांति और ऊर्जा प्राप्त होती है। इसके साथ ही भगवान नारायण को खीर का भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है।

**कर्क राशिः** कर्क राशि के लिए माघ पूर्णिमा पर कच्चे दूध में शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करने से सभी इच्छाओं की पूर्ति होती है। यह उपाय जीवन में सकारात्मक बदलाव और संबंधों में सुधार लाने में भी मदद करता है।

**सिंह राशिः** सिंह राशि के जातकों के लिए भगवान सूर्य को पानी में लाल फूल डालकर अर्घ्य देना और गरीबों को भोजन का दान करना शुभ माना गया है। इससे स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और धन-संपत्ति में वृद्धि होती है।

**कन्या राशिः** कन्या राशि के लिए इस दिन मखाने की खीर बनाकर सात कन्याओं को प्रसाद स्वरूप खिलाने से धन-संबंधी परेशानियाँ दूर होती हैं। यह उपाय विशेष रूप से आर्थिक स्थिरता और पारिवारिक सुख-शांति के लिए लाभकारी है।

**तुला राशिः** जातकों के लिए माघ पूर्णिमा के दिन चावल और घी का दान करना शुभ माना जाता है। इसे गरीब या जरूरतमंद लोगों को देने से जीवन में आने वाली समस्याएँ कम होती हैं और मानसिक संतोष मिलता है।

**वृश्चिक राशिः** वृश्चिक राशि के लिए मसूर की दाल, लाल चंदन और गुड़ को हनुमान मंदिर में दान करना लाभकारी होता है। इससे जीवन में आने वाली बाधाएँ कम होती हैं और संकटों से मुक्ति मिलती है।

**धनु राशिः** धनु राशि के जातकों के लिए भगवान विष्णु को पीले फूलों से सजाना और पीली मिठाई का भोग लगाना शुभ माना गया है। इससे आत्मिक शांति और समृद्धि का मार्ग खुलता है।

**मकर राशिः** मकर राशि के जातकों के लिए माघ पूर्णिमा पर सरसों या तिल के तेल का दान करना और गरीबों को भोजन कराना अत्यंत फलदायी है। यह उपाय जीवन में बाधाओं को कम करने और धन-संपत्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

**कुम्भ राशिः** कुम्भ राशि के जातकों के लिए हनुमान मंदिर में लाल कपड़े की तिकोनी ध्वजा मंदिर के शिखर पर लगाने से हर काम में विजय प्राप्त होती है। यह उपाय कार्य-सिद्धि और सफलता की प्राप्ति के लिए है।

**मीन राशिः** मीन राशि के जातकों के लिए माघ पूर्णिमा के दिन पीले फलों का गरीबों को दान करना और केले के पेड़ की पूजा करना शुभ माना गया है। इससे जीवन में खुशहाली, आर्थिक लाभ और मानसिक संतोष प्राप्त होता है।

**माघ पूर्णिमा 2026**

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 1 फरवरी रविवार को सुबह में 5 बजकर 52 मिनट पर प्रारंभ हो रही है। इसका समापन 2 फरवरी दिन तड़के 3 बजकर 38 मिनट पर होगा।

माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 को मानी जाएगी।

सुबह 5 बजकर 30 मिनट से 7 बजकर 9 मिनट तक का समय स्नान-दान के लिए शुभ रहेगा।

चांद निकलने का समय शाम को 5 बजकर 46 मिनट पर होगा।

**माघी पूर्णिमा महाउपाय**

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, माघ पूर्णिमा के दिन आप धन की देवी माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करें। इस दौरान देवी को 7 कमल के फूल चढ़ाएं और सफेद मिठाई का माता को भोग लगा दें। अब अपनी प्रार्थना करते हुए नारियल अर्पित करें। मान्यता है कि, इस उपाय से धन से जुड़ी समस्याएं दूर होती हैं।

पूर्णिमा के दिन आप एक साफ पीले कपड़े में हल्दी की 7 गांठ बांध लें। अब आप इसे पूजा में रखें और माता लक्ष्मी-भगवान विष्णु के वैदिक मंत्रों का स्मरण करें। अब पूजा के पश्चात उस हल्दी की गांठ को धन के स्थान पर रख दें। इससे कर्ज से जुड़ी परेशानियां समाप्त होने लगती हैं।

आप तिल, पीले वस्त्र, घी और अन्न का दान करें। इससे पूर्वजों की कृपा मिलती हैं और जीवन में शुभता आती हैं।

धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, पूर्णिमा की रात में आप चंद्रमा को जल चढ़ाएं। इस दौरान दीपदान भी अवश्य करें। इससे मानसिक शांति बनी रहती हैं।

पूर्णिमा के दिन पिंडदान करने का विशेष महत्व होता है। इससे पितरों की आत्मा को शांति और मोक्ष मिलता है। साथ ही साधक को सभी तरह के दोषों से भी राहत मिलती हैं।

खास बातचीत

# महिलाओं के लिए इंडस्ट्री में लंबा करियर नहीं-रिमी सेन




**मैंने शुरू से अपने करियर को एक बिजनेस की तरह देखा। मुझे पता था कि गरिमा के साथ कहां तक जाना है। उसके बाद गिरावट आती है, खासकर महिलाओं के लिए। रिमी ने यह भी बताया कि वह कभी फेम की आदी नहीं रहीं। उन्हें जब तक अच्छा काम मिल रहा था, एंजॉय किया। लेकिन जब एक जैसे कॉमेडी रोल मिलने लगे और संतुष्टि खत्म हो गयी, तो इंडस्ट्री से एग्जिट कर लिया।**

फिल्म 'धूम' से पहचान बनाने वाली पूर्व एक्ट्रेस रिमी सेन ने हाल ही में एक्टिंग छोड़कर दुबई में अपना रियल एस्टेट बिजनेस शुरू करने का ऐलान किया है। एक हालिया पॉडकास्ट में रिमी ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सच्चाइयों पर खुलकर बात की और बताया कि उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का फैसला क्यों लिया। बातचीत के दौरान रिमी सेन ने कहा कि बॉलीवुड में खासतौर पर महिला कलाकारों के लिए करियर की उम्र सीमित होती है, जबकि पुरुष अभिनेता दशकों तक लीड रोल में बने रहते हैं। उन्होंने अपने नए बिजनेस को एक्टिंग से कहीं ज्यादा स्थिर और सुरक्षित बताया। इस पॉडकास्ट में रिमी के साथ प्रियंक शाह और जाने-माने रियल एस्टेट बिजनेसमैन आशीष शर्मा भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान आशीष शर्मा ने मजाकिया अंदाज में रिमी की तारीफ करते हुए कहा, रिमी जी, हमारे लिए भी कुछ छोड़ दो, आपने तो पूरा दुबई ही निचोड़ दिया। हमें यहां तक पहुंचने में 18 साल लगे और मैडम ने आते ही सब फोड़ दिया। इस पर रिमी सेन ने जवाब दिया,रियल एस्टेट एक स्टेबल बिजनेस है। बॉलीवुड का नशा अब खत्म हो चुका है और अब रियल एस्टेट का नशा चढ़ गया है। रिमी ने फिल्म इंडस्ट्री में जेंडर असमानता पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा- फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए करियर की अवधि बहुत छोटी होती है। यह एक मेल-डोमिनेटेड इंडस्ट्री है। आज भी सलमान खान और शाहरुख खान जैसे अभिनेता 20-25 साल बाद भी लीड रोल निभा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जिन अभिनेत्रियों ने कभी इन सुपरस्टार्स के साथ काम किया, आज वे सपोर्टिंग रोल या पारिवारिक किरदार निभा रही हैं, और कुछ तो ऑनस्क्रीन मां तक का रोल कर रही हैं। रिमी ने स्टारडम को भी एक तरह की लत बताया। उन्होंने कहा- फेम का नशा भी जुए की तरह होता है। समझदार इंसान जानता है कि कब टेबल छोड़नी है। किसी भी बिजनेस में सही समय पर बाहर निकलना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा- अगर बिना विजन के किसी काम में लगे रहेंगे, तो पूरी जिंदगी संघर्ष ही करते रह जाएंगे। मैंने शुरू से अपने करियर को एक बिजनेस की तरह देखा।

# शाहिद ने की पत्नी की तारीफ

## बोले-मुझे उस पर गर्व है



शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' को लेकर चर्चाओं में हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक अलग अंदाज में नजर आएंगे। इस बीच शाहिद कपूर ने बातचीत के दौरान उन्होंने पिता, पति और परिवार के रूप में अपनी भूमिका पर खुलकर बात की। साथ ही पत्नी मीरा के बिजनेस के बारे में भी बताया।

जब शाहिद से पूछा गया कि वह एक पिता के रूप में खुद को कैसे देखते हैं? तो वह मुस्कुरा पड़े। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि घर में अक्सर बच्चे ही उन पर हावी हो जाते हैं। उन्होंने हंसते हुए कहा, सच कहूं तो मुझे नहीं पता। कई बार घर में बच्चे मुझ पर हावी हो जाते हैं। मुझे लगता है कि मेरे बच्चे मुझे बुली कर देते हैं। पिता बनने के बाद मेरा नजरिया बदल गया है। अब अपनी जिम्मेदारियों का एक अलग ही एहसास होता है। शाहिद ने बताया कि पैरेंटिंग को लेकर उनकी सोच काफी हद तक अपने माता-पिता को समझने से निकली है।

जन्मदिन स्पेशल

# मेरे लिए शोहरत सफलता का पैमाना नहीं-सुभाष घई



**'हीरो', 'कर्मा', और 'परदेस' जैसी फिल्मों से भारतीय सिनेमा को नई पहचान देने वाले निर्देशक सुभाष घई अपना 83वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्होंने बातचीत में अपने जीवन के अनुभव, सिनेमा की बदलती दुनिया, नई पीढ़ी से जुड़ाव और लगातार सीखते रहने की अपनी सोच को साझा किया।**

### मेरे लिए जन्मदिन एक निजी संवाद

अपने जन्मदिन को लेकर निर्देशक ने कहा कि 83 साल की उम्र में भी हर जन्मदिन मेरे लिए आत्मचिंतन का दिन होता है। मेरे लिए जन्मदिन का मतलब है सुबह ईश्वर का धन्यवाद और शाम को परिवार या मित्रों के साथ समय। केक और मोमबत्तियां आजकल हमारी परंपरा बन गई हैं। मेरा जन्मदिन मेरे लिए एक निजी संवाद है। बचपन में मां ने सिखाया था कि पहले खुद को बेहतर बनाओ, फिर परिवार, समाज के लिए कुछ करो। मेरे लिए पैसा या शोहरत कभी सफलता का पैमाना नहीं रहे। मेरी असली कमाई ज्ञान का दान है। इसलिए आज भी मैं 18 से 20 साल के युवाओं के बीच बैठता हूं। हमारे संस्थान में 1100 बच्चे पढ़ते हैं और मैं हर एक से आराम से बात कर सकता हूं। यह मेरे लिए ईश्वर का वरदान है।

### ऐसे जागा मेरे अंदर कहानीकार

'नाथद्वारा में जन्म फिर दिल्ली और जोधपुर में पढ़ाई और स्कूल के नाटकों ने मेरी दुनिया गढ़ी। चंद्रकांता, संतति, भूतनाथ जैसी किताबों ने मेरे भीतर कहानीकार जगाया। पिता ने कहा कि अगर शौक है तो ट्रेनिंग लो। 23 साल की उम्र में मुंबई आया। अभिनय सीखा। फिर वर्ल्ड सिनेमा ने सिखाया कि हर देश अपनी संस्कृति फिल्मों से दिखाता है। तभी सोचा कि भारत की कहानियां भी दुनिया को दिखनी चाहिए।'

### 'कालीचरण' ने मेरी किस्मत बदल दी

'कालीचरण फिल्म को 50 साल पूरे हो गए। मेरे जीवन की किस्मत बदलने वाली फिल्म थी। यह फिल्म मेरे लिए एक टर्निंग पॉइंट थी। किसी ने मुझसे कहा कि तुम कहानी ऐसे सुनाते हो जैसे फिल्म दिखा रहे हो, तो डायरेक्शन क्यों नहीं करते। मैंने कहा कि मुझे डायरेक्शन नहीं आती। उन्होंने कहा कि सीख लो। वहां से मेरी यात्रा शुरू हुई।'

### 'ब्लैक एंड व्हाइट' मेरे दिल के सबसे करीब

'मेरी कई फिल्मों में से 'ब्लैक एंड व्हाइट' मेरे दिल के सबसे करीब है। यह फिल्म मेरी कमर्शियल फिल्मों से अलग थी। यह इंसानियत और जिम्मेदारी की कहानी थी। अगर मेरी फिल्मों ने किसी के दिल को छूकर उसकी सोच बदली, तो वही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैंने जितने भी कलाकार लॉन्च किए, सबमें एक बात समान थी कि वे अपने दौर की नब्ज समझते थे। आज की पीढ़ी तेज, तकनीक-समझदार और जागरूक है।'

# मुंबई इंडियंस पर पहली जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंची गुजरात

### हरमनप्रीत कौर की मेहनत पर फिरा पानी



**वडोदरा।** गुजरात जाएंट्स ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। दिलचस्प बात यह है कि ये मुंबई पर गुजरात की महिला प्रीमियर लीग के इतिहास की पहली जीत है। इससे पहले मुंबई ने लगातार आठ मैचों में गुजरात को मात दी थी। शुक्रवार को वडोदरा में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने एश्ले गार्डनर की 46 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 167 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 156 रन बना सकी। उनके लिए हरमनप्रीत कौर ने 82 रनों की नाबाद पारी खेली। गुजरात जाएंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शुरूआत कुछ खास नहीं रही। टीम ने एक समय अपने दोनों सेट बल्लेबाज अनुष्का शर्मा (33) और सोफी डिवाइन (25) को महज दो रन के अंतर पर गंवा दिया, जिससे रन गति पर असर पड़ा। अमेलिया केर और शबनिम इस्माइल की सधी हुई गेंदबाजी के सामने गुजरात दबाव में आ गया। ऐसे नाजुक मौके पर कप्तान एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 71 रन की अहम साझेदारी हुई, जिसने पारी को संभालने के साथ-साथ तेजी भी दी। गार्डनर ने आक्रामक अंदाज में 28 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था, जबकि वेयरहम ने 26 गेंदों पर तेज 44 रन जोड़े। खासतौर पर 16वें और 17वें ओवर में गार्डनर के आक्रमण ने मैच का रुख बदला। आखिरी ओवरों में गुजरात ने अच्छी रन गति बनाए रखी और टीम 20 ओवर में 4 विकेट पर 167 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में सफल रही। 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरूआत बेहद खराब रही।

सोफी डिवाइन ने पहले ही ओवर में हीली मैथ्यूज को आउट कर दिया और फिर नेट शीवर-ब्रंट को भी पवेलियन भेज दिया। शुरूआती झटकों से मुंबई दबाव में आ गई। हालांकि, कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एक छोर संभाले रखा और हालात के मुताबिक शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 48 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे। सजीवन सजना ने 26 रन की उपयोगी पारी खेलकर थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन जॉर्जिया वेयरहम ने मध्य ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी करते हुए अमेलिया केर और संस्कृती गुप्ता को आउट कर मुंबई को और पीछे धकेल दिया। अंतिम दो ओवरों में मुंबई को 37 रन चाहिए थे और हरमनप्रीत पूरी तरह जमी हुई थीं। आखिरी ओवर में उन्होंने एश्ले गार्डनर के खिलाफ दो छक्के भी लगाए, लेकिन लक्ष्य बड़ा साबित हुआ। मुंबई इंडियंस 7 विकेट पर 156 रन ही बना सकी और 11 रन से मुकाबला हार गई।

ऑस्ट्रेलियन ओपन

# एलिस मर्टेंस और झांग शुआई ने जीता महिला डबल्स का खिताब

**मेलबर्न।** एलिस मर्टेंस और झांग शुआई की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला डबल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। बेल्जियम और चीन की इस अनुभवी जोड़ी ने फाइनल में एना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को कड़े मुकाबले में 7-6(4), 6-4 से हराया। फाइनल मुकाबले की बात करें तो पहले सेट में 4-1 से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त मर्टेनस-झांग की जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए सेट टाईब्रेक में जीत लिया। दूसरे सेट में उन्होंने 5-0 की बढ़त बना ली, हालांकि सातवीं वरीयता प्राप्त डैनिलिना-क्रुनिक की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की और 5-2 पर दो चैंपियनशिप पॉइंट बचाए, लेकिन अंततः मर्टेनस और झांग ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मर्टेंस और झांग ने इससे पहले आखिरी बार 2022 में विंबलडन में एक साथ ग्रैंड स्लैम खेला था। लंबे अंतराल के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन में फिर से साथ उतरी इस जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए खिताब जीत लिया।

इस जीत के साथ मर्टेंस के ग्रैंड स्लैम डबल्स खिताबों की संख्या छह हो गई है, जिनमें से तीन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में जीते हैं। वहीं झांग शुआई के



नाम अब तीन ग्रैंड स्लैम डबल्स ट्रॉफियां हो गई हैं। इससे पहले झांग ने 2019 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2021 यूएस ओपन में सामंथा स्टोसुर के साथ महिला डबल्स खिताब जीता था।

# पाकिस्तान से मैच के पहले सचिन ने भारतीय अंडर-19 टीम से की बातचीत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंडर-19 विश्व कप में हिस्सा ले रही भारतीय टीम के खिलाड़ियों से पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर सिक्स मुकाबले से पहले वर्चुअल बातचीत की। इंग्लैंड ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। इसके बाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला और भी महत्वपूर्ण हो गया है। सुपर सिक्स ग्रुप बी से नॉकआउट चरण में सिर्फ एक ही टीम जगह बना पाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर वर्चुअल मुलाकात की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा, यह अनुभव बेहद महत्वपूर्ण रहा जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे करियर के लिए अहम जानकारियां और दृष्टिकोण मिला। महज तकनीकी कौशल और फिट रहने तक सीमित नहीं थी बल्कि इसमें एकाग्रता बनाए रखने, अनुशासन, विनम्रता और सफलता के बावजूद जमीन से जुड़े रहने के महत्व पर भी जोर दिया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप में रविवार को मुकाबला खेला जाएगा। भारतीय अंडर-19 टीम अब तक टूनामेंट में अजेय



बनी हुई है। उसने अब तक अमेरिका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे को हराया है। भारत को अगर सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करनी है तो उसे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को हराना होगा।

### सचिन के नाम सबसे ज्यादा विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड

सचिन तेंदुलकर के नाम 1992 से 2011 के बीच सबसे अधिक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने इनमें 45 मैच में 2,278 रन बनाकर सर्वाधिक कुल रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह छह विश्व कप टूनामेंट खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं और उन्होंने 2011 का विश्व कप जीतकर अपने शानदार करियर का समापन किया।

# आगरा की नंदिनी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया देश का मान



एनएनआई

**आगरा।** इंडिया ताइक्वांडो द्वारा सत्र 2025-26 के लिए आयोजित भव्य गाला अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन 27 जनवरी को हयात रीजेंसी दिल्ली में किया गया। इस गरिमामय समारोह में सेंट एंड्रयूज स्कूल की होनहार ताइक्वांडो खिलाड़ी नंदिनी को उनके उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। सेंट एंड्रयूज स्कूल की स्टार खिलाड़ी नंदिनी ने मलेशिया में आयोजित छठी एशियाई कैडेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्योरुगी (फाइट) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के खिताब से नवाजा गया। नंदिनी की इस ऐतिहासिक सफलता पर सेंट एंड्रयूज स्कूल के सीएमडी डॉ. गिरधर शर्मा, एमडीसीए अपूर्वा शर्मा एवं प्रशिक्षक विक्रम सक्सेना ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह में पूर्व भारतीय ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र ध्रुव बत्रा, राजीव मेहता, विश्व ताइक्वांडो संघ (दक्षिण कोरिया) के सचिव जिवांग कांग सू, सह-सचिव कार्बिन मिन, इंडिया ताइक्वांडो के अध्यक्ष नामदेव श्रीवाकर, कोषाध्यक्ष डॉ. रजत, आदित्य दीक्षित सहित देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित खेल हस्तियां उपस्थित रहीं।

## शनिवार, 31 जनवरी राशिफल

मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन घर परिवार के मामले में अनुकूल रहेगा। आपको आज जीवनसाथी से सहयोग और सपोर्ट मिलेगा। बड़े भाई से भी आपको आज सहयोग मिलेगा। नौकरी मे आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा।

वृषभ राशि के लोगों को आज उतावलेपन से बचना चाहिए, नौकरी में आपके ऊपर आज काम का दबाव रहेगा। विपरीतलिंगी सहकर्मियों से आपको आज सहयोग मिलेगा। आप आज इंश्योरेंस और बैंकिंग के काम में सफलता पाएंगे। सरकारी काम में भी आज आपको कामयाबी मिलेगी।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपका काम आज सुचारू रूप से चलेगा। आप अकाउंट और तकनीकी काम में लाभ पाएंगे। वाहन सुख भी आपको आज मिलने वाला है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज पारिवारिक जीवन में सुख और सम्मान मिलेगा।

आज चंद्रमा का गोचर तुला राशि में होने से कर्क राशि के जातकों का दिन आनंद मे बीतेगा। आप आज उत्साहित और ऊर्जावान बने रहेंगे। नौकरी में आज आपका काम सुचारू चलेगा और आपको आज अधिकारियों और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आप आज सरकारी काम में सफलता पाएंगे।

आज सोमवार का दिन सिंह राशि के जातको के लिए आर्थिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको आज सरकारी काम में सफलता मिलेगा। कोई काम जो आपका फंस रहा था आज वह पूरा हो सकता है। आपको पूर्व में किए गए निवेश का फायदा मिलेगा।

आज का दिन कन्या राशि के जातको के लिए बुद्धि और कुशलता से लाभ दिलाने वाला रहेगा। भाग्य भी आज आपका पूरा साथ दे रहा है। बिजनेस में आपको आज आर्थिक लाभ मिलेगा। जो लोग नौकरी के लिए इंटरव्यू दे रहे हैं उनको आज सफलता मिल सकती है।

तुला राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन अनुकूल है लेकिन आज आपको भावुकता से नुकसान उठाना पड़ सकता है। नौकरी में आज आपके ऊपर काम का अधिक दबाव रहेगा। वैसे अधिकारीगण आप पर भरोसा करेंगे और आपको कुछ नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

वृश्चिक राशि के लिए आज सप्ताह का पहला दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज किसी काम के उलझ जाने से मानसिक तनाव मिल सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आपको आज किसी पर भी अधिक भरोसा करने से बचना चाहिए,धोखा मिल सकता है। दिन आपका आज खर्चला भी रहेगा।

आज सप्ताह का पहला दिन धनु राशि के जातकों के लिए धनदायक रहेगा। सितारे बताते हैं कि आपको आज भाग्य कई स्रोत से लाभ दिलाने वाला रहेगा। नौकरी मे आपका दिन आज सुचारू रूप से बीतेगा। आपको पिता और पैतृक पक्ष से लाभ मिलेगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन चंद्रमा के गोचर से शुभ लाभदायक रहेगा। आपको भाग्य आज अपने कार्यक्षेत्र में सफल बनाएगा। आपको कार्यक्षेत्र में अनुभव और कार्यकुशलता का फायदा मिलेगा। आप आर्थिक लाभ प्राप्त कर पाएंगे।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन कार्य में सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपको आज मित्रों और सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा। आपकी कोई चाहत भी आज पूरी होगी। आपको आज राजनीतिक संपर्क से भी फायदा होगा। आपको सिरदर्द और मानसिक थकान हो सकता है।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन उत्साहित करने वाला रहेगा। आपको आज करियर में उन्नति का मौका मिलेगा। नौकरी में आज आपको काम के दबाव का सामना करना होगा। आप बिजली के उपकरण के काम में लाभ और सफलता पाएंगे।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# श्रीहरि सत्संग की गूंज संग 151 जोड़ों ने किया सामूहिक एकादशी उद्यापन

## दान-पुण्य के बीच तीन दिवसीय एकादशी उद्यापन समारोह का हुआ समापन



एनएनआई

**आगरा।** श्री हरिबोल सेवा समिति* की ओर से बल्केश्वर स्थित महालक्ष्मी मंदिर परिसर में तीन दिवसीय 11वें सामूहिक एकादशी उद्यापन का समापन पर आरती, पूजन, आशीर्वाद, ब्राह्मण भोज व प्रसादी वितरण से हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण संग पवित्र अग्नि में सैकड़ों आहूति के साथ आचार्य विष्णु दत्त शास्त्री ने 151 यजमानों का एकादशी उद्यापन संपन्न कराया। आयोजन समिति ने अतिथि यजमानों एवं सभी पूजनीय ब्राह्मणों को भोज कराया। श्रीहरि के भक्तिमय संकीर्तन पर श्री हरिबोल सेवा समिति की सदस्याओं ने नृत्य कर भक्ति के खूब रंग बिखेरे।

संस्थापक भोलानाथ अग्रवाल* ने बताया कि एकादशी उद्यापन कराने का मुख्य उद्देश्य है जो परिवार बढ़ती महंगाई, समय की कमी व अन्य कारणों से एकादशी व्रत उद्यापन करने में असमर्थ हैं। उनके लिए समिति ने सामूहिक एकादशी उद्यापन कार्यक्रम पिछले ग्यारह वर्ष से निरंतर किया जा रहा है। उद्यापन में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश से 151 जोड़ें सामूहिक उद्यापन में शामिल हुए। अध्यक्ष केशव अग्रवाल ने कहा कि एकादशी व्रत रखने वाले श्रद्धालु अन्न का परित्याग कर फल, शाक, दूध, कन्द का प्रसाद ग्रहण करते है। इससे अनाज की बचत होती है, जो अन्न उपजाने जैसा ही महत्वपूर्ण ही है। कथा के उपरान्त विधि विधान के साथ गद्दी व कलश पूजन किया गया।

एकादशी की सभी 26 अध्यायों का वर्णन करते हुए सभी कथाओं का महत्व बताया। सभी ब्राह्मणों को भोजन के उपरान्त दक्षिणा व उपहार देकर विदा किया गया। आयोजन की व्यवस्थाएं वरिष्ठ संरक्षक चंद्रेश गर्ग, उपाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, विनय वर्मा और योगेश गुप्ता ने संभाली। समापन पर सहयोगियों को मंच से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अमित अग्रवाल, राम गोपाल, बबीता गोयल, सीमा सिंघल, पूजा जैन, प्रियंका वर्मा, विनीता गोयल, अंशिका गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, श्वेता अग्रवाल, रंजना राना, संध्या जैन, सीमा सिंघल, सपना, रेखा, शालिनी, सपना, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

# मेरा तो सहारा श्याम तू है..

## खाटूश्याम मंदिर पर आयोजित किया श्री श्याम अरदास संकीर्तन



एनएनआई

**आगरा।** अलौकिक श्रृंगारित खाटू बाबा और संगीत की मधुर ध्वनि पर होता संकीर्तन जयकारों के बीच भक्तों ने अखंड ज्योति प्रवज्जलित कर कार्यक्रम की शुरूआत के साथ ही भक्तिमय गीतों पर झूमते श्रद्धालु। यह नजारा था जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर, जहां आगरा नरेश श्याम भक्त सेवा समिति की ओर से श्री श्याम अरदास संकीर्तन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष अमन गर्ग और उपाध्यक्ष सौरभ बंसल ने खाटू श्याम जी के समक्ष पावन ज्योति प्रवज्जलित कर मंगल आरती उतार कर किया। सोनीपत से आये मुख्य भजन गायक विशेष भंडारी ने हम है श्याम के प्यारे, बाबा श्याम हमारे.., मेरा तो सहारा श्याम तू है.., वो खाटू वाला श्याम धणी मेरा यार है.., हमारी दौलत है खाटू श्याम..आदि भक्ति गीत गाकर भक्ति रस बिखेरा। इससे पहले स्थानीय भजन गायको ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्याम बाबा को खूब रिझाया। समिति के सदस्यों ने सुबह मंदिर पर श्याम बाबा की पोशाक सेवा की। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल ,सौरभ अग्रवाल, गगन गर्ग, नीरज गर्ग, सौरभ बंसल, शशांक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अमन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# समाज की बंदिशे तोड़कर बनो साक्षर, नहीं होना पड़ेगा शर्मिंदा

- प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों पर 2500 महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर
- शिक्षा प्लस प्रोग्राम के समापन पर महिलाओं को मिले साक्षरता प्रमाण पत्र



एनएनआई

**आगरा।** एक पहल बीआर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी और शिव नाडर फाउंडेशन के सहयोग से दयालबाग स्थित एक पहल पाठशाला में प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का समापन समारोह आयोजित किया गया। शुक्रवार को शिक्षा प्लस प्रोग्राम के तहत एक वर्ष से चल रहे निःशुल्क 56 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रो के अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र दिया। शुभारम्भ एमएलसी विजय शिवहरे, उपायुक्त उद्योग सोनाली जिंदल, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष विजय गुप्ता, शिव नाडर फाउंडेशन से रोबिन सरकार, विजय आनंद वर्मा, संजीव झा डॉ सरोज प्रशांत और विपिन कुमार ने दीप प्रज्जलित कर किया।

शिक्षा निदेशक रोबिन सरकार ने कहा कि ग्राम पंचायत में समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार, नेत्रपाल, सुखवीर, अंजू, शालू और गरिमा की देखरेख में पहले चरण में दयालबाग के सदर्बन में चार, अरतौनी में पाँच, लखनपुर में तीन, राहुल नगर में चार, लालगढ़ी में दो, बाईपुर में सात, मघटई में छह और नगला बूढी में तीन प्रौढ़ शिक्षा केंद्र 56 वोलिटियर की मदद से संचालित किये गए। जिसमे 2500 महिलाओ को प्रशिक्षण दिया। अब तक 15 हजार महिलाओं को शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया जा चुका है। और अब अप्रैल से अगले चरण में फिर से दस हजार लोगो को फिर से प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है।

महासचिव मनीष राय ने बताया कि प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रो में एक वर्ष तक उन प्रौढ़ महिलाओ को साक्षर बनाने के लिए कक्षाएं लगाई, जो शिक्षा पाने का अवसर गवां चुकी थी। शिक्षा प्लस प्रोजेक्ट के तहत अभाव ग्रस्त प्रौढ़ शिक्षार्थियों को कंप्यूटर स्क्रीन की सहायता से निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर उनका संपूर्ण विकास किया। समापन समारोह में अशिक्षित महिलाओं को साक्षर होने पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कियो महिलाओ ने शिक्षित होने के बाद के आये जीवन में बदलाव को मंच से बताया। शिक्षार्थियों ने अपने हुनर को दशार्ते हुए हस्तकला प्रदर्शनी को भी आयोजित करा जिसमे उनके द्वारा लगाई गई जरदोसी का काम, माला बनाना, दरी बनाना, जूता, झाडू, बैग, मुड़ा, पायल बनाना जैसी विभिन्न वस्तुएँ प्रदर्शित करी। मंच संचालन मनीषा गिलानी और इरम ने किया। धन्यवाद अध्यक्ष डॉ. ईभा गर्ग ने दिया।

इस अवसर पर बरखा राय, अंकित खण्डेलवाल, मानस राय, नवीन कुमार, अश्लेष मित्तल, सुरभि कुमारी आदि मौजूद रहे।

# समाज को कमजोर करता है अंधविश्वास : स्वामी आर्यवेश

## कर्म आधारित है वैदिक वर्ण व्यवस्था, मानवता ही सबसे बड़ा धर्म




- तीन दिवसीय आर्य महा सम्मलेन की जनक पार्क में हुई शुरूआत

एनएनआई

**आगरा।** अंधविश्वास और पाखंड ने समाज को कमजोर किया है, जबकि आर्य समाज का उद्देश्य तर्क, विज्ञान और सत्य के आधार पर जीवन जीने की प्रेरणा देना है। वेदों में नारी को पूजनीय स्थान दिया गया है और कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा तथा अशिक्षा जैसी कुरीतियाँ वेद विरुद्ध हैं। ये उद्गार आर्य केंद्रीय सभा की ओर से कमला नगर स्थित जनक पार्क में शुरू हुए आर्य महासम्मेलन के पहले दिन मुख्य वक्ता स्वामी आर्यवेश ने व्यक्त किये। सम्मेलन की शुरूआत लघु उद्योग निगम लिमिटेड अध्यक्ष राकेश गर्ग और समाजसेवी राजेश मंगल ने ध्वजारोहण कर किया। एटा गुरुकुल के अधिष्ठाता डॉ. आचार्य वागीश ने कहा कि वैदिक वर्ण व्यवस्था जन्म नहीं, बल्कि कर्म, गुण और स्वभाव पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मनुष्य का मूल्य उसकी मानवता, आचरण और कर्तव्य से तय होता है, न कि उसके जन्म से। वेदों में कहीं भी मनुष्य को ऊँच-नीच में बाँटने की शिक्षा नहीं दी गई है। आर्य समाज का संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों से श्रेष्ठ बन सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्यता को सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहा कि करुणा, सत्य, सेवा और समानता को जीवन में धारण किए बिना कोई भी धार्मिक नहीं हो सकता। जब मनुष्य अपने भीतर मनुष्यता का भाव जाग्रत करेगा, तभी समाज और राष्ट्र का वास्तविक उत्थान संभव है।

आचार्य विष्णुमित्र वेदारथी ने कहा कि ब्रह्मचर्य से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त होता है तथा संयमित जीवन से मनुष्य सौ वर्षों से भी अधिक आयु प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि वेदों में ब्रह्मचर्य को जीवन की आधारशिला बताया गया है। इस अवसर पर संयोजक प्रदीप कुलश्रेष्ठ, मंत्री वीरेंद्र कनवर, कोषाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, देव सरन, विवेकानंद, रविंद्र कुलश्रेष्ठ, अश्वनी आर्य, यतेंद्र आर्य, सुशील असीजा, अवनींद्र गुप्ता, राजकुमार आहुजा, अश्वनी डेम्बल, रंगलाल गौतम, डॉ. अनुपम गुप्ता, भारत भूषण सामा, प्रदीप डेम्बल, प्रेमा कनवर, सुमन कुलश्रेष्ठ, नमिता शर्मा, रितिका अरोरा, विकास आर्य, अनुज आर्य, अरविंद मेहता, वंदना आर्य, विजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### आज वर्चुअल जुड़ेंगे स्वामी रामदेव

प्रधान सीए मनोज खुराना ने बताया कि सुबह और शाम के सत्रों में आर्य महासम्मेलन में हजारो कि संख्या में पुरे आगरा मंडल से आर्यजन आये हुए है। सम्मेलन के मंच से वैदिक संस्कार, नशामुक्ति, नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। गुरुकुल सासनी की कन्याओं ने वैदिक यज्ञ किया। भजनोपदेशक पंडित कुलदीप आर्य द्वारा महर्षि दयानंद आर्य समाज और वैदिक धर्म के भजनों द्वारा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता शांति नागर ने महर्षि दयानन्द के बारे में कविता पाठ कर सुनाया। शनिवार को सुबह के सत्र में हरिद्वार से स्वामी रामदेव वर्चुअल रूप में प्रातः 11 से एक बजे के बीच सम्मलेन में आर्यजनो को सम्बोधित करेंगे। संचालन आर्य अश्वनी ने किया।